हिन्दी सांध्य दैनिक

# प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 www.prakharpurvanchal.com Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्ष: 8, अंक: 205, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 | 26 जनवरी, 2024 दिन शुक्रवार | गाजीपुर/वाराणसी

## आपका वोट तय करेगा कि भारत की दिशा क्या होगी, युवा मतदाताओं को पीएम मोदी का संदेश

### अगले 25 साल आपके लिए भी और भारत के लिए भी दोनों के लिए ही महत्वपूर्ण



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर युवा वोटरों को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि मेरे जीवन में इतने सारे युवाओं के साथ संवाद करने का ये पहला अवसर है और शायद दुनिया के किसी भी राजनेता के लिए भी ये पहला अवसर है। उन्होंने संवाद में शामिल होने वाले सभी नवमतदाताओं को बधाई दी। पीएम मोदी ने कहा, "18 से 25 वर्ष की आयु ऐसी होती है जब किसी का भी जीवन बहुत से बदलावों का साक्षी बनता है। इन्हीं बदलावों के बीच आप सभी को एक और जिम्मेदारी साथ-साथ निभानी है। ये जिम्मेदारी दुनिया की सबसे बड़ी डेमोक्रेसी में भागीदारी की है।" पीएम ने कहा, "ये कालचक्र दो वजहों से बहुत अहम है। पहला- आप सभी ऐसे समय में वोटर बने हैं, जब भारत का अमृतकाल शुरू हुआ है। दूसरा- कल 26 जनवरी को देश अपना 75वां गणतंत्र दिवस मनाएगा। अगले 25 साल आपके लिए भी और भारत के लिए भी दोनों के लिए ही महत्वपूर्ण है।" प्रधानमंत्री ने कहा, "आज जब देश 2047 तक विकसित भारत बनने के लक्ष्य पर काम कर रहा है तो आपका वोट ये तय करेगा कि भारत की दिशा क्या होगी। जिस तरह 1947 से 25 साल पहले भारत के नौजवानों पर देश को स्वतंत्र कराने का दारोमदार था, उसी तरह 2047 तक यानी 25 सालों में आप पर विकसित भारत के निर्माण की जिम्मेदारी है।"

## डीजी प्रशांत कुमार और आईजी मंजिल सैनी को गैलेंट्री अवार्ड, 74 पुलिसकर्मियों को राष्ट्रपति पदक




लखनऊ। यूपी के डीजी प्रशांत कुमार और आईजी मंजिल सैनी को उत्कृष्ट सेवाओं के लिए गणतंत्र दिवस के अवसर पर गैलेंट्री अवाई (प्रेसीडेंट मेडल फार गैलेंट्री) से सम्मानित किया जाएगा। इसी तरह प्रदेश के सात पुलिसकर्मियों को उत्कृष्ट सेवा और 74 को सराहनीय सेवा के लिए राष्ट्रपति का पदक देकर सम्मानित किया जाएगा। गणतंत्र दिवस के अवसर पर हर साल अलग-अलग राज्यों के पुलिसकर्मियों को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित किया जाता है।

## नोएडा के सेक्टर-18 मेट्रो स्टेशन गेट के सामने मिला संदिग्ध बैग, मची अफरा-तफरी

नोएडा। कोतवाली सेक्टर-20 क्षेत्र के सेक्टर-18 स्थित मेट्रो स्टेशन पर बुधवार दोपहर अफरा-तफरी मच गई। मेट्रो स्टेशन के गेट के सामने एक संदिग्ध बैग मिला। आनन-फानन में सीआइएसएफ और नोएडा पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए जांच कराई तो पता चला कि एक व्यक्ति बैग टांगकर कहीं चला गया था। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक डीपी शुक्ल ने बताया कि एक व्यक्ति बुधवार दोपहर सेक्टर-18 मेट्रो स्टेशन पर पहुंचा। उसके हाथ में एक बैग था। उसने बैग मेट्रो स्टेशन के गेट के सामने टांग दिया और फास्टफूड खाने के लिए चला गया। इसी बीच संदिग्ध बैग होने की सूचना लोगों ने पुलिस को दी। दोपहर करीब 12 बजकर 20 मिनट पर सूचना मिली। इसके बाद जगह को घेरकर खाली करवाया गया। मौके पर डाग स्क्वायड और डिटेक्टर मशीन लाई गईं। जब यह तय हो गया कि बैग के अंदर कुछ भी विस्फोटक नहीं है उसके बाद बैग खोला गया तो उसमें सामान निकला। फिर यह अनुमान लगाया गया कि कोई बैग रखकर भूल गया होगा। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि थोड़ी देर बाद बैग को ढूंढते हुए व्यक्ति सीआइएसएफ के जवान के पास पहुंचा। जहां उससे पूछताछ की और बैग सौंप दिया।

## सीएम योगी ने गणतंत्र दिवस को लेकर दिए निर्देश बोले, विद्वेष फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई करें



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के मौके पर अराजक तत्व माहौल खराब करने का प्रयास कर सकते हैं। इस दौरान किसी गीत-संगीत और नारेबाजी से किसी की धार्मिक भावनाओं का अपमान नहीं होना चाहिए। यदि कोई विद्वेष फैलाने का प्रयास करता हुआ पाया गया तो उसके खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत कार्रवाई की जाएगी। डीजीपी विजय कुमार ने गणतंत्र दिवस पर सुरक्षा के पुख्ता बंदोबस्त करने के निर्देश मातहतों को दिए। उन्होंने संवेदनशील एवं अन्य महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों की सुरक्षा निर्धारित एसओपी के मुताबिक सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही सभी कमिश्नरेट व जिलों में नियमित रूप से प्रातकालीन पोस्टर पार्टी का गठन कर चेकिंग कराने के निर्देश दिए, ताकि असामाजिक तत्व सांप्रदायिक माहौल बिगाड़ने का प्रयास न कर सकें। डीजीपी ने गणतंत्र दिवस के आयोजनों की अचूक सुरक्षा व्यवस्था के लिए समस्त राजपत्रित अधिकारियों एवं पुलिस बल को उच्च सतर्कता बरतने को कहा। उन्होंने कहा कि तिरंगा यात्राओं की समुचित सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

## पौष पूर्णिमा : लाखों श्रद्धालुओं ने संगम में लगाई पुण्य की डुबकी, यम नियम के साथ कल्पवास भी शुरू

प्रयागराज। पौष पूर्णिमा पर बृहस्पतिवार को लाखों श्रद्धालुओं ने गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के संगम में भोर से ही श्रद्धालुओं ने डुबकी लगानी शुरू कर दी। इसी के साथ ही यम, नियम के साथ कल्पवासियों ने एक माह तक चलने वाले अपने कल्पवास का भी शुभारंभ कर दिया। मेला प्रशासन ने दावा किया है कि प्रातः 10 बजे तक साढ़े पांच लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाई है। बुधवार की शाम से ही श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला शुरू हो गया था। भोर में पूरा माघ मेला इलाका जीटी जवाहर से संगम तट तक खचाखच भीड़ भर गई थी। सुरक्षा व्यवस्था का व्यापक बंदोबस्त किया गया है। पौष पूर्णिमा पर जप, तप, ध्यान के साथ माह भर के कल्पवास के संकल्प के साथ माघ मेला क्षेत्र में काफी संख्या में कल्पवासी पहुंचे। कड़कड़ाती ठंड में देर रात तक मेला क्षेत्र में उनके आने का क्रम बना ही रहा। कल्पवासियों के आने से मेला क्षेत्र में रौनक बढ़ गई। बृहस्पतिवार को पौष पूर्णिमा स्नान पर्व के साथ कल्पवास शुरू हो गया। इसका समापन माह भर बाद माघी पूर्णिमा स्नानपर्व के साथ होगा। हालांकि मेला क्षेत्र में जिस स्थान पर कल्पवासियों को बसाया गया है, वहां अभी काफी अव्यवस्थाएं भी हैं। हालांकि मकर संक्रांति के पहले ही संगम तीरे तंबुओं का शहर न सिर्फ सज चुका था बल्कि स्नानपर्व पर डुबकी लगाने के लिए बड़ी संख्या में पहुंचे स्नानार्थियों ने डेरा जमाकर कल्पवास भी आरंभ कर दिया था, लेकिन पूर्णिमा से पूर्णिमा की मान्यता वाले हजारों कल्पवासी बृहस्पतिवार को पौष पूर्णिमा पर डुबकी के बाद कल्पवास आरंभ करेंगे।

## शाहजहांपुर में भीषण हादसा: ट्रक की टक्कर से 12 श्रद्धालुओं की मौत



शाहजहांपुर। शाहजहांपुर के थाना मदनापुर के गांव दमगड़ा से गंगा स्नान करने के लिए ढाई घाट जा रहे श्रद्धालुओं से भरे ऑटो को ट्रक ने टक्कर मार दी। भीषण सड़क हादसे में करीब 12 लोगों की मौत की सूचना है। हादसा बृहस्पतिवार सुबह करीब 11 बजे अल्हागंज के गांव सुगसुगी के पास बरेली-फरुर्खाबाद हाईवे पर हुआ है। हादसे पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दुख जताया है। उन्होंने मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। बताया जा रहा है कि ऑटो में 12 लोग ही सवार थे। हादसे में चालक समेत सभी मौत हो गई है। हादसे के बाद डीएम उमेश प्रताप सिंह, एसपी अशोक कुमार मीणा और जलालाबाद विधायक हरिप्रकाश वर्मा मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है। बताया जा रहा है कि कोहरे की वजह से हादसा हुआ है। पुलिस घटना की जांच कर रही है।









## संपादकीय

### म्यांमार सीमा पर बाड़

म्यांमार में 2021 में लोकतांत्रिक सरकार को हटाकर सैन्य शासन स्थापित किए जाने के बाद लगातार गृह युद्ध की स्थिति बनी हुई है। हालांकि, सेना के सत्ता संभालने के बाद से ही लोकतंत्र समर्थकों द्वारा लगातार प्रतिरोध किया जाता रहा है, लेकिन अब कुछ सशस्त्र जातीय समूहों द्वारा सेना के खिलाफ मोर्चा खोल देने से सशस्त्र संघर्ष ने व्यापक रूप ले लिया है। इस संघर्ष की वजह से हजारों की संख्या में शरणार्थी सीमा पार करके भारत में प्रवेश कर चुके हैं। अब तो सशस्त्र विद्रोहियों से जान बचाने के लिये सैकड़ों सैनिक भी भारत में प्रवेश करने लगे हैं, जिन्हें वापस भेजने पर सहमति बन रही है। इन हालात को देखते हुए केंद्रीय गृह मंत्रालय का कहना है कि म्यांमार से लगती भारतीय सीमा पर अब बाड़ लगायी जाएगी। हालांकि, पर्वतों व नदी वाले बेहद जटिल इलाके में बाड़ लगाना एक दुष्कर कार्य है, लेकिन राष्ट्रीय सुरक्षा के मद्देनजर यह कदम उठाना जरूरी हो गया है। पिछले अनुभव देखें तो बांग्लादेश सीमा पर बाड़ लगाने से कानून-व्यवस्था की स्थिति में खासा सुधार देखा गया है। दरअसल, म्यांमार से भारत के चार राज्यों अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम, नगालैंड व मणिपुर की सीमा लगती है। यह सीमा करीब 1643 किलोमीटर लंबी है। इस समस्या का जटिल पक्ष यह है कि दोनों देशों के लोगों की आवाजाही निर्बाध रूप से जारी रहती है। जिसके लिये एक सीमित इलाके तक वीजा लेने की जरूरत नहीं होती। इतना ही नहीं, दोनों देशों के लोग एक-दूसरे के इलाके में हाट-बाजार करके घर वापस आ जाते हैं। इसके अलावा सीमा के दोनों तरफ रहने वाली आबादी के बीच गहरे सामाजिक व आर्थिक रिश्ते आज भी कायम हैं। ऐसे में बाड़ लगाने के प्रयासों का स्थानीय स्तर पर विरोध होने की आशंका है। यहां तक कि मिजोरम के मुख्यमंत्री भी इस फैसले से असहमति जता चुके हैं। लेकिन राष्ट्रीय हितों के मद्देनजर इस दिशा में कदम उठाये जाने की जरूरत है। लेकिन यह भी हकीकत है कि सशस्त्र विद्रोहियों व म्यांमार की सैन्य सरकार के बीच लगातार बढ़ते टकराव के चलते यह संकट आने वाले दिनों में और बढ़ने की आशंका है। जिसके चलते शरणार्थी संकट के बढ़ने के ही आसार हैं। हाल-फिलहाल विद्रोहियों के हमलों से बचने के लिये भारतीय सीमा में घुस आए सैकड़ों म्यामांरी सैनिकों को वापस भेजने की प्रक्रिया भी चल रही है। इस संकट को देखते हुए केंद्र सरकार मुक्त आवागमन की व्यवस्था को बदलने की बात कह रही है। दरअसल, सैन्य तख्ता पलट के बाद म्यांमार के तीन अल्पसंख्यक जनजातीय समूहों के विद्रोहियों द्वारा एकजुट होकर हमला करने से म्यांमारी सेना की मुश्किलें अधिक बढ़ गई हैं। यहां तक कि म्यांमार की सेना अपने देश के असंतुष्ट लोगों पर भी हवाई हमले तक कर रही है। जिसकी वजह से मिजोरम व मणिपुर की सीमा से लगते इलाकों में बड़ी संख्या में शरणार्थी पहुंच रहे हैं। बताया जा रहा है कि अकेले मिजोरम के सीमावर्ती इलाकों में लगाए गए शिविरों में शरणार्थियों की संख्या तीस हजार से अधिक हो चुकी है। निस्संदेह, अच्छे पड़ोसी के नाते भारत म्यांमार के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप नहीं करना चाहता है, लेकिन अपने देश की चिंताओं को भी नजरअंदाज नहीं कर सकता। निस्संदेह, देश में शरणार्थियों के आने से भारतीय सीमावर्ती राज्यों के संसाधनों पर जन दबाव बढ़ेगा। इससे कालांतर कानून व्यवस्था की समस्या भी पैदा होगी। विगत में मणिपुर में जारी हिंसा में म्यामांर से आए चरमपंथी तत्वों की भूमिका की बात राज्य सरकार करती रही है। ऐसे में मुक्त आवाजाही समझौते पर पुनर्विचार करने का तार्किक आधार भी है। जिससे बिना वीजा के एक-दूसरे देश की सोलह किमी सीमा तक स्वतंत्र आवाजाही के समझौते पर नये सिरे से सोचने की जरूरत है। अन्यथा अवैध आप्रवासन की समस्या जटिल हो सकती है। ध्यान रखने वाली बात है कि देश में असम व पश्चिम बंगाल के कई विधानसभा क्षेत्रों में अवैध आप्रवासन से जनसंख्या का स्वरूप बदल चुका है। मणिपुर की हालिया हिंसा में भी घुसपैठियों की भूमिका की चर्चा होती रही है। निश्चय ही इस संकट की अनदेखी भू-राजनीतिक संकटों को बढ़ाने वाली साबित हो सकती है।

### है साधा निशाना !



पार्टी पर अपनी ही ।
है साधा निशाना ।।
चाह रहे हैं लगता ।
नया कुछ बताना ।।
हो रहे गुमराह ।
बस केवल विरोध ।।
बेवजह बेमतलब ।
हैं खुद ही अवरोध ।।
देखते ये कितना ।
आता ज्ञान काम ।।
है भरी बस नफरत ।
लेकर एक नाम ।।
हो कैसे सुधार ।
इस पर नहीं विचार ।।
सोचते बस केवल ।
बन जाए सरकार ।।

–कृष्णेन्द्र राय

# प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर के निर्माण के बाद उत्तर प्रदेश में विकास का एक नया दौर शुरू होने जा रहा है

**प्रह्लाद सबनानी**

अयोध्या में प्रभु श्रीराम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा सम्पन्न हो गई है और अब अयोध्या विश्व के अति महत्वपूर्ण धार्मिक स्थलों के पटल पर आ गया है। इसका अब भारत की आर्थिक प्रगति पर भी बहुत बड़ा असर होने जा रहा है। स्थानीय स्तर पर तो अब भारत के नए भविष्य की एक नई शुरूआत होने जा रही है। प्राण प्रतिष्ठा के बाद भारत के प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेन्द्र मोदी जी ने भी अपने उदबोधन में कहा है कि प्रभु श्रीराम सभी के है अतः यह भारत के लिए एक नए अध्याय की शुरूआत होने जा रही है। प्रत्येक भारतीय रामायण पढ़ता है एवं अयोध्या के महत्व को भी समझता है। यह प्रभु श्रीराम का जन्म स्थल है और यह प्रभु श्रीराम की 500 वर्षों के बाद एक तरह से घर वापसी ही मानी जानी चाहिए। प्रभु श्रीराम भारत के कण कण में बसते हैं अतः अब ऐसी आशा की जानी चाहिए कि भारत में निवासरत विभिन्न मत पंथ मानने वाले नागरिक एक होकर भारत के विकास की गति को आगे बढ़ाने में अपनी महती भूमिका का निर्वहन करेंगे।

प्रभु श्रीराम केवल भारत ही नहीं बल्कि विश्व के कई अन्य देशों में भी पूज्य है। कई देशों ने तो रामायण को अपनी भाषा में भी लिखा है। इस दृष्टि से रामायण के कई रूप हैं। थाईलैंड, कम्बोडिया, लाओस, चीन, म्यांमार, इंडोनेशिया, वियतनाम, आदि देशों में रामायण के स्थानीय रूप मिलते हैं। पूरे विश्व में कुल मिलाकर 300 भाषाओं में रामायण उपलब्ध है। उत्तरी थाईलैंड में एक शहर का नाम ही अजोध्या है। यह प्राचीन काल में एशियन थाई राज्य की राजधानी रहा है। कालांतर में जिन देशों में भारतीय मूल के नागरिक गए हैं वहां रामायण भी पहुंचा है। जैसे केरेबीयन देशों में, अफ्रीकन देशों में, फीजी आदि देशों में प्रभु श्रीराम विद्यमान रहे हैं और यहां के नागरिक, भारतीय मूल के नागरिकों सहित, प्रभु श्रीराम की पूजा करते हैं। अब भारत इन सभी देशों के साथ अपने राजनैतिक एवं सामरिक रिश्तों को मजबूत कर सकता है और इन देशों में रह रहे नागरिकों को भारत एक तरह से अपने देश की तरह दिखाई देने जा रहा है।



दूसरे, अब भारत में धार्मिक पर्यटन बढ़ने की अपार सम्भावनाएं बन गई हैं। भारत में अभी तक सबसे अधिक पर्यटक पड़ौसी देश बंगला देश से आते हैं, इसके बाद पश्चिमी देशों से पर्यटक भारत आते हैं, जैसे अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा, रूस, आस्ट्रेलिया, फ्रान्स, जर्मनी आदि। इसके बाद एशिया के अन्य देशों से पर्यटक भारत आते है, जैसे मलेशिया, श्रीलंका एवं थाईलैंड। जबकि इन एशियाई देशों में प्रभु श्रीराम में आस्था रखने वाले नागरिकों की बहुत बड़ी संख्या निवास करती है। अतः अब इन एशियाई देशों से भारत में पर्यटकों का आना बढ़ना चाहिए। इन समस्त देशों के नागरिक प्रभु श्रीराम के बचपन की कहानियां पढ़कर बड़े हुए हैं, अब ये लोग निश्चित ही भारत में अयोध्या आकर प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर के दर्शन करने के लिए आना चाहेंगे।

धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भारत सरकार ने धरातल पर काम करना शुरू भी कर दिया है। एक रामायण सर्किट रूट को विकसित किया जा रहा है। इस रूट पर विशेष रेलगाड़ियां भी चलाए जाने की योजना बनाई गई है। यह विशेष रेलगाड़ी 18 दिनों में 8000 किलो मीटर की यात्रा सम्पन्न करेगी, इस विशेष रेलगाड़ी के इस रेलमार्ग पर 18 स्टॉप होंगे। यह विशेष रेलमार्ग प्रभु श्रीराम से जुड़े ऐतिहासिक नगरों अयोध्या, चित्रकूट एवं छतीसगढ़ को जोड़ेगा। अयोध्या में नवनिर्मित प्रभु श्रीराम मंदिर वैश्विक पटल पर इस रूट को भी रखेगा। विश्व के कई अन्य देश धार्मिक पर्यटन के माध्यम से अपनी अर्थव्यवस्थाएं सफलतापूर्वक मजबूत कर रहे हैं। सऊदी अरब धार्मिक पर्यटन से प्रति वर्ष 22,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर अर्जित करता है। सऊदी अरब इस आय को आगे आने वाले समय में 35,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर तक ले जाना चाहता है। मक्का में प्रतिवर्ष 2 करोड़ लोग पहुंचते हैं, जबकि मक्का में गैर मुस्लिम के पहुंचने पर पाबंदी है। इसी प्रकार, वेटिकन सिटी में प्रतिवर्ष 90 लाख लोग पहुंचते हैं। इस धार्मिक पर्यटन से अकेले वेटेकन सिटी को प्रतिवर्ष लगभग 32 करोड़ अमेरिकी डॉलर की आय होती है, और अकेले मक्का शहर को 12,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर की आमदनी होती है। अयोध्या में तो किसी भी धर्म, मत, पंथ मानने वाले नागरिकों पर किसी भी प्रकार की पाबंदी नहीं होगी। अतः अयोध्या पहुंचने वाले श्रद्धालुओं की संख्या 5 से 10 करोड़ प्रतिवर्ष तक जा सकती है। फिर अकेले अयोध्या नगर को होने वाली आय का अनुमान तो सहज रूप से लगाया जा सकता है। अभी अयोध्या आने वाले श्रद्धालु अयोध्या में रूकते नहीं थे प्रातः अयोध्या पहुंचकर प्रभु श्रीराम के दर्शन कर शाम तक वापिस चले जाते थे परंतु अब अयोध्या को इतना आकर्षक रूप से विकसित किया गया है कि श्रद्धालु 3 से 4 दिन रुकने का प्रयास करेंगे। एक अनुमान के अनुसार, प्रत्येक पर्यटक लगभग 6 लोगों प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष रूप से रोजगार उपलब्ध कराता है इस संख्या के हिसाब से तो लाखों नए रोजगार के अवसर अयोध्या में उत्पन्न होने जा रहे हैं। अयोध्या के आसपास विकास का एक नया दौर शुरू होने जा रहा है। यह कहना भी अतिशयोक्ति नहीं होगा कि अब अयोध्या के रूप में वेटिकन एवं मक्का का जवाब भारत में खड़ा होने जा रहा है। जेफरीज नामक एक बड़ी अंतरराष्ट्रीय ब्रोकरेज कम्पनी ने बताया है कि अयोध्या में निर्मित प्रभु श्रीराम के मंदिर से भारत की आर्थिक सम्पन्नता बढ़ने जा रही है। दिनांक 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में सम्पन्न हुए प्रभु श्रीराम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बाद स्थानीय कारोबारी अपना उज्जवल भविष्य देख रहे हैं। अयोध्या अब धार्मिक पर्यटन का हब बनाने जा रहा है। अयोध्या अब दुनिया का सबसे बड़ा तीर्थ क्षेत्र बन जाएगा। धार्मिक पर्यटन की दृष्टि से अब अयोध्या दुनिया का सबसे बड़ा केंद्र बनने जा रहा है। जेफरीज के अनुसार अयोध्या में प्रति वर्ष 5 करोड़ से अधिक पर्यटक आ सकते हैं। अभी अयोध्या में केवल 17 बड़े होटल हैं इनमें कुल मिलाकर 590 कमरे उपलब्ध हैं। लेकिन, अब 73 नए होटलों का निर्माण किया जा रहा है। इनमें से 40 होटलों का निर्माण कार्य प्रारम्भ भी हो चुका है। अभी तक नए एयरपोर्ट, रेल्वे स्टेशन, टाउनशिप और रोड कनेक्टिविटी में सुधार जैसे कामों पर 85,000 करोड़ रुपए का निवेश किया गया है। इस निवेश का स्थानीय अर्थव्यवस्था पर बड़ा असर दिखाई देने जा रहा है। शीघ्र ही अयोध्या वैश्विक स्तर पर धार्मिक और आध्यात्मिक पर्यटन केंद्र के रूप में उभरेगा। इससे होटेल, एयरलाईन, हॉस्पिटलिटी, ट्रैवल, सिमेंट जैसे क्षेत्रों को बहुत बड़ा फायदा होने जा रहा है।

# किन हालात में पहुंच गया हमारा पृथ्वी ग्रह

**गुरबचन जगत**

1945 : वह साल, जब ब्रिटिश साम्राज्य का सूरज ढलने लगा और अमेरिकी-सोवियत साम्राज्य का उदय हुआ। एक फौलादी दीवार ने यूरोप को दो हिस्सों में बांट डाला, पश्चिमी गठबंधन वाला पश्चिमी यूरोप और सोवियत संघ से जुड़ा पूर्वी यूरोप। साथ ही, दक्षिण अमेरिका मानो संयुक्त राष्ट्र अमेरिका का पिछला आंगन बन गया तो एशिया का मध्य हिस्सा सोवियत प्रभामंडल तले आ गया। मध्य एशिया और पश्चिम एशिया - अधिकांशतः सल्तनतें- जिन पर अपना प्रभाव बनाने को दोनों साम्राज्य यत्नरत रहे। जहां अमेरिका ने वामपंथ से भिड़ने और हराने का बीड़ा उठाया वहीं सोवियत संघ ने वामपंथ को फैलाने में जोर लगाया, जिसके परिणाम में बना मशहूर शीत युद्ध। अपने-अपने ध्येयों की पूर्ति के लिए दोनों का टकराव कई राष्ट्रों की धराओं पर हुआ लेकिन इन्होंने लड़ाई कभी भी अपने आंगन में नहीं आने दी। अमेरिका ने वियतनाम, लाओस, कम्बोडिया, क्यूबा और कांगो के अलावा औपनिवेशिक शासकों से मुक्ति पाने में लगे अनेकानेक अफ्रीकी एवं एशियाई देशों में वामपंथियों की पकड़ कमजोर करने को अभियान चलाए। लग सकता है विचारधारा की भिन्नता युद्ध का बना-बनाया सांचा है, लेकिन वास्तविक आधार वही है, पुरातन काल से चला आ रहा ताकत और आर्थिक लाभ पाने का लोभ। विश्व व्यवस्था, जो कि साफ तौर पर दो खंडों में बंट चुकी थी, सोवियत साम्राज्य गिरने के बाद टुकड़ों में बिखर गई और उद्धव हुआ एकमात्र महाशक्ति, अमेरिका का।

घड़ी को उलटा घुमाते हुए, 20वीं सदी के उत्तरार्ध में लड़े गए दो विश्व युद्धों में ले जाएं तो, प्रथम विश्व युद्ध तब भड़का जब तत्कालीन केंद्रीय ताकतें (जर्मनी, ऑस्ट्रिया-हंगरी, बुल्गारिया और ओटोमन साम्राज्य) ने मिलकर, दुनिया के अधिकांश देशों को अपनी बस्ती में तब्दील करने वाले दो बड़े खिलाड़ियों ब्रिटेन और फ्रांस को चुनौती देनी शुरू की। अन्य देशों को अपना उपनिवेश बनाने को दौड़ में देर से शामिल हुए जर्मनी की आकांक्षा अपने लिए बड़ा हिस्सा पाने की थी, यही चाहत इस गठबंधन के अन्य सदस्यों की थी। कहानी वही पुरानी हैझ मनुष्य प्रजाति लालच और डर से चालित है, अतएव हमारा इतिहास वस्तुतः युद्धों का इतिहास है। युद्ध, जिसका फौरी कारण चाहे धर्म, जाति, विचारधारा, बुरा करने की भावना या पक्षपात बताया जाए लेकिन सतह के नीचे वही पुरातन खेल है यानी और अधिक संसाधन, भूभाग, व्यापार और ताकत अपने हाथ करना। द्वितीय विश्वयुद्ध लगभग पिछले का विस्तार था, जिसके पीछे त्वरित कारक भले ही जर्मनी का रोष और अपमान बोध बताया जाए लेकिन यह लेबेंसरॉम अर्थात नाजी राष्ट्र के लिए और बड़ा भूभाग पाने की गहरी चाहत थी। इससे पूर्व, 19वीं सदी के उत्तरार्ध में मध्य एवं दक्षिण एशियाई मुल्कों को अपने नियंत्रण में लाने के वास्ते ब्रिटिश और रूसी साम्राज्य के बीच बड़ा खेल नामक मुकाबला चला था। यह इन क्षेत्रों पर प्रभुत्व बनाने की प्रतिद्वंद्विता थी और अपने प्रभाव क्षेत्र में विस्तार के लिए षड्यंत्र और क्षेत्रीय युद्ध रचे गए। इतिहास में और पीछे चलते जाएं तो पाते हैं कि युद्धों, प्रभुत्व बनाने और साजिशों का इतिहास खुद को दोहराए जा रहा है।

ताकत के लिए खेल कभी नहीं थमता और लड़ाई के लिए बहाना यदि पहले से न हो तो गढ़ लिया जाता है। बहानों के लबादे में छिपी होती है व्यापार और वाणिज्य पर नियंत्रण की लालसा। आज तक इराक में सामूहिक जनसंहार करने वाले वे हथियार नहीं मिले, जिनको बहाना बनाकर, बमबारी कर उसे पाषाण युग में पहुंचा दिया और उसके प्राकृतिक संसाधनों को लूटा। अफगानिस्तान झसाम्राज्यों के इस पुराने कब्रिस्तान ने- इन सबको आते-जाते देखा फिर भी कोई खास फर्क नहीं आया। परमाणु ताकत, कंप्यूटर और आईटी के इस युग में हम तकनीकी रूप से पहले से कहीं अधिक विकसित हैं, एआई और रोबोटिक्स का मिश्रण भी कर डाला है फिर भी क्या हम उन घुमंतुओं से अलग हैं, जो गुजरे वक्त में कभी इस धरा पर विचरा करते थे? हमारा लालच, क्रोध, नफरत या दर्प आज भी उतना ही हावी है जितना कि मंगोलों के झुंड वाले समय में, जितना सिकंदर या रोमन साम्राज्य के वक्त हां, हम आज उनसे कहीं अधिक विध्वंस मचा सकते हैं। खुद के विध्वंस की हमारी सामर्थ्य कई गुणा बढ़ चुकी है। वास्तव में, शीत युद्ध का सिद्धांत था म्युचुअल एशोर्ड डेस्ट्रक्शन (मैड) यानी एक-दूसरे का निश्चित विध्वंस, और इस हकीकत ने दोनों महाशक्तियों को परमाणु-बटन दबाने से रोके रखा।

हालिया इतिहास में, जैसा कि राष्ट्रपति ट्रंप को नाटो नामक व्यवस्था में यकीन न था और उन्होंने कहा कि अपनी सुरक्षा के लिए यूरोपीय देश भी अंशदान डालें, तब हमने इस पुराने गठबंधन को कमजोर होते देखा। इस स्थिति से पूर्वी यूरोप में नाटो के विस्तार का पहले से विरोध कर रहे रूसियों को बल मिला। ट्रंप की चुनावी हार और बाइडेन की आमद के साथ, अमेरिकी यूरोप में फिर से दिलचस्पी लेकर, नाटो का पुनरुत्थान-सुदृढ़ीकरण करने लगे। इसके एक बड़े प्रयास का मंतव्य था यूक्रेन को नाटो की सीमांत चौकी बनाना। जिसने अंततः रूसी भालू को झिंझोड़ डाला, वह पहले से जवाबी कार्रवाई करने का मौका मिलने का इंतजार कर रहा था। लेकिन यूक्रेन पर कुछ ही दिनों में कब्जा कर लेने की पुतिन की गणना गड़बड़ा गई। पश्चिम, विशेषकर अमेरिका, की पूर्ण मदद पाए यूक्रेन ने खुद को संभाला और डटकर मुकाबला किया। डर से भरे यूरोप ने एक बार फिर से अमेरिका को अपना अगुआ मान लिया और अब इनका उद्देश्य है रूसी अर्थव्यवस्था और इसकी सैन्य शक्ति को घोंटकर निस्तेज करना। हथियारों के साथ-साथ यूक्रेन पर खरबों-खरब डॉलर की बारिश होने लगी। अमेरिका के सैन्य उद्योग परिसर एक बार फिर सक्रिय हो गए। इसी बीच, रूसी अर्थव्यवस्था को पश्चिमी प्रतिबंधों से करारा झटका लगा और अब तेल निर्यात आर्थिकी चलाये रखने का मुख्य जरिया है। चीन, ईरान, उत्तर कोरिया आदि ने रूस की मदद करने की कोशिश की, फिर भी रूस कमजोर पड़ा है और पश्चिम के सामने चीन बतौर मुख्य चुनौती बनकर उभरा है। इस दौरान, युद्ध की कीमत यूरोप को चोट पहुंचाने लगी है और उच्च मुद्रा स्फीति, जीवनयापन के बढ़ते खर्च की वजह से केंद्रीय बैंकों को ऋण-दरों में अभूतपूर्व वृद्धि करनी पड़ी है। परिणामवश, युद्ध लंबा खिंचने से यूरोप की अधिकांश अर्थव्यवस्थाएं आज मंदी की कगार पर हैं।

तो हजारों मौतों, मुल्क और अर्थव्यवस्था की बबार्दी, करोड़ों लोगों को पहुंचे शारीरिक-मानसिक आघात से क्या पा लिया? मुझे लगता है इसका बेहतरीन उत्तर देने के लिए राजनेता और जनरल सर्वाधिक उपयुक्त हैं। कोई शक नहीं, दोनों तरफ से, संभावित हमले का डर दिखाने वाले भाषण आएंगे। इस्राइल और गाजा में हुए नरसंहार की बात करें तो यह इस क्षेत्र के लिए नया नहीं। जरूस्लम के लिए लड़ाई धर्म-युद्धों से भी काफी पहले होती आई है। यह शहर कई बार गर्क हुआ, बलात्कार बरपे और लुटा। आज कोई मुल्क, चाहे इस्लामिक हो या कोई और, किसी ने भी अनाथ, जख्मी, अपाहिज और बेघर हुए लाखों लोगों को अपने यहां पनाह देने की पेशकश नहीं की। युद्ध विराम के लिए कोई वार्ता नहीं हो रहीझ आखिर खून बहाने की हवस कब तक रहेगी? इसलिए अमेरिकी और उसके सहयोगी फिर से यूरोप और मध्य एशिया में सक्रिय हैं, अलबत्ता पहले जितने ताकतवर नहीं हैं। रूस, चीन, ईरान, उत्तर कोरिया भी सक्रिय होकर गोलबंद हो रहे हैं। यूरोप, मध्य एशिया और जलमार्गों पर गतिविधियां तेज हैं। संयुक्त राष्ट्र नाकारा हो चुका है, राजनयिक प्रयासों पर यकीन नहीं और बंदूक की ताकत चल रही है। संघर्ष की अगली वजह कौन सी होगी एक अन्य आंतकी हमला या एक अन्य एकतरफा हमला? इस दौरान पृथ्वी पर निरंतर बड़ा होता और दीर्घकालिक खतरा मंडरा रहा है, पर्यावरणीय बदलावों में तेजी-परिणाम है अभूतपूर्व ग्रीष्म लहरें, बफार्नी तूफान, बाढ़, सूखा, ग्लेशियर पिघलना और ऊंची उठती समुद्र जल-सतह। हमने स्वयं ये संकट पैदा किए हैं। फिर भी राजनेता विज्ञान और तर्क की आवाज दबा रहे हैं।

# सबके राम, सबमें राम की भावना को स्थापित करने से बनेगा एक भारत-श्रेष्ठ भारत

**प्रो. संजय द्विवेदी**

अयोध्या में 22 जनवरी, 2024 को रामलला विराजे और तमाम आँखें सजल हो उठीं। ये आँसू यूं ही नहीं आए थे। ये भारत की लगातार आहत होती सभ्यता को एक सुनहरे पल में प्रवेश करते देखकर भर आई आँखें थीं। अयोध्या को इस तरह देखना विरल है। यह शहर सालों से सन्नाटे में था, गहरी उदासी और गहरे अवसाद में डूबा, शांत और उत्साहहीन। जैसे इतिहास और समय एक जगह ठहर गया हो और उसने आगे न बढ़ने की ठान रखी हो। दूरस्थ स्थानों से अयोध्या आते लोग भी हनुमान गढ़ी और कनक भवन जैसे स्थानों को देखकर लौट जाते। चौदहकोसी परिक्रमा करते और चले जाते। राम के लिए आए लाखों लोगों में बहुत कम लोग त्रिपाल या टाट में बैठे रामलला के दर्शन करते। लेकिन 22 जनवरी का नजारा अलग था। हर राह राममंदिर की ओर जा रही थी। आँखों में आँसू, चेहरे पर मुस्कान और पैरों में तूफान था। आखिर हमारे राम को उनके अपने घर और शहर में सम्मान मिलते देखना अद्भुत अनुभव था। सदियां गुजर गईं लेकिन सत्य स्थिर था। इसी सत्य को देखने सारी दुनिया टीवी, मोबाइल स्क्रीन पर आँखें गड़ाए बैठी थी। विवाद का अंत हुआ और सत्यमेव जयते का उद्घोष सार्थक हुआ। यह समाधान सर्वजनहिताय तो था ही।

कभी त्रेता में वनवास गए राम कलयुग में भी एक दूसरी दुविधा के सामने थे। आजाद हिंदुस्तान में भी भारत के इस सबसे लायक बेटे के लिए मंदिर की प्रतीक्षा थी। बाबर के सेनापति द्वारा गिराए मंदिर के सामने पूजा-अर्चना कर-के आहत समाज यह सोचते हुए लौटता था कि कभी राम का भव्य मंदिर बनेगा। 2024 की यह 22 जनवरी करोड़ों आँखों के सपने सच करने के लिए आई थी। राम भारत के राष्ट्रनायक हैं, जिन्होंने अयोध्या से रामेश्वरम्‍ को जोड़ा। वे दीन-दुखियों के, जीवन जीने के लिए संघर्ष करती आम जनता के पहले और अंतिम सहायक हैं। रामचरित मानस और हनुमान चालीसा की पंक्तियों को दोहराते हुए यह संघर्षरत समाज राम के सहारे ही अपनी जीवनयात्रा को सरल बनाता रहा है। बावजूद इसके आजादी के बाद भी सबको मुक्त करने वाले नायक को मुक्ति नहीं मिली। लंबे समय तक तो वो ताले में बंद रहे। अखंड कीर्तन चलता रहा। किंतु राहें आसान नहीं थीं। अयोध्या आंदोलन की यादें आपको सिहरा देंगीं। 1990 और 1992 की यादें एक गहरी कड़वाहट घोल जाती हैं। राजनीति किस तरह आसान मुद्दों को भी जटिल बनाती है। इसकी कहानी अयोध्या आज भी बताती है। अयोध्या अब अपने सदियों के दर्द से मुक्त मुस्करा रही है।

दुनिया के किसी पंथ, संप्रदाय के महानायक के साथ यह होता तो क्या होता? सोचकर भी सिहरन होती है। किंतु भारत में यह हुआ और हिंदू समाज के अपार धैर्य, सहनशीलता की कथा फिर से दोहराई गयी। एक साधारण मंदिर नहीं अपने राष्ट्रपुरूष, राष्ट्रनायक की जन्मभूमि के लिए भी लंबा अहिंसक संघर्ष सड़क से लेकर अदालतों तक चलता रहा। सही मायने में 22 जनवरी का दिन हमारे राष्ट्रजीवन में 15 अगस्त,1947 से कम महत्त्पूर्ण नहीं है। क्योंकि 15 अगस्त के दिन हमें अंग्रेजों की गुलामी से आजादी मिली थी तो 22 जनवरी को हम सांस्कृतिक, वैचारिक दासता और दीनता से मुक्त हो रहे हैं। यह भारत की चिति को प्रसन्न करने का क्षण है। यह आत्मदैन्य से मुक्ति का क्षण है। यह क्षण अप्रतिम है। वर्णनातीत है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी से लेकर स्व. राजीव गांधी (अपनी अयोध्या यात्रा में) तक रामराज्य लाने की बात करते हैं। किंतु उस यात्रा की ओर पहला कदम आजादी के अमृतकाल में माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बढ़ाया है। इसलिए सारा देश उनके साथ खड़ा है। कांग्रेस नेता श्री प्रमोद कृष्णन ने सत्य ही कहा है कि यदि श्री मोदी प्रधानमंत्री नहीं होते तो मंदिर निर्माण संभव नहीं होता।

रामलला का 496 वर्षों बाद अपनी जन्मभूमि पर पुनःस्थापित होना सबको भावविह्वल कर गया। दुनिया भर में बसे 100 करोड़ से ज्यादा हिंदुओं और भारतवंशियों के लिए यह गौरव का क्षण था। इस मौके पर माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और आरएसएस प्रमुख डा. मोहन भागवत जी ने किसी तरह का राजनीतिक संवाद न करते हुए जो बातें कहीं वो भविष्य के भारत की आधारशिला बनेंगीं। संघ प्रमुख ने रामराज्य की अवधारणा को व्याख्यायित करते हुए भविष्य के कर्तव्य पथ की चर्चा की।

उनका कहना था- आज अयोध्या में रामलला के साथ भारत का स्व लौट आया है। संपूर्ण विश्व को त्रासदी से राहत देने वाला एक नया भारत खड़ा होकर रहेगा। उसका प्रतीक यह कार्यक्रम बन गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस अवसर पर साफ कहा कि- राम आग नहीं ऊर्जा हैं। राम विवाद नहीं समाधान हैं। राम विजय नहीं विनय हैं। राम सिर्फ हमारे नहीं, सबके हैं। यह बात बताती है कि माननीय प्रधानमंत्री एक नए भारत के स्वप्नदृष्टा हैं। नया भारत बनाने और उसमें एक जीवंत ऊर्जा का संचार करने के लिए प्रधानमंत्री ने न सिर्फ रामलला की मूर्ति स्थापना के लिए 11 दिनों का व्रत विधानपूर्वक बिना ठोस भोजन लिए पूर्ण किया, बल्कि उनकी विराट सोच ने इस आयोजन को और भी अधिक भव्य और सरोकारी बना दिया। देश के विविध क्षेत्रों की माननीय प्रतिभाओं को एक स्थान पर एकत्र कर राम जन्मभूमि तीर्थ ट्रस्ट ने इस आयोजन को विशेष गरिमा प्रदान की। राजनीति से परे हटकर इस घटना का विश्लेषण करना ही इसे सही अर्थ में समझना होगा। तभी हम भारत और उसकी महान जनता के मन में रमे राम को समझ पाएंगें। सबके राम-सबमें राम की भावना स्थापित कर हम राममंदिर को राष्ट्रमंदिर में बदल सकते हैं। जिससे मिलने वाली ऊर्जा दिलों को जोड़ने, मनों को जोड़ने का काम करेगी। यह अवसर भारत का भारत से परिचय कराने का भी है। जनमानस में आई आध्यात्मिक और नैतिक चेतना को देखकर लगता है कि भारत की एक नई यात्रा प्रारंभ हुई है, जो चलती रहेगी बिना रूके, बिना थके।


# भदोही में आयोजित पर्यावरण महाकुम्भ में पर्यावरणविद रखेंगे विचार

प्रखर भदोही। उत्तर प्रदेश के जनपद भदोही में पर्यावरण महाकुंभ का आयोजन 27 जनवरी को किया गया है। इसमें देश और प्रदेश से आए पर्यावरणविद, शिक्षा, पत्रकारिता एवं प्रशासन से जूड़े अधिकारी अपने विचार रखेंगे। 26 लोगों को पर्यावरण सम्मान से सम्मानित भी किया जाएगा।

राष्ट्रपति पुरस्कार से पुरस्कृत शिक्षक अशोक कुमार गुप्ता द्वारा देश प्रदेश के पर्यावरणविदों को भदोही जनपद में आकर अपने-अपने विचार रखने के लिए आवाहन किया है ताकि उसका उचित समाधान निकाला जा सके। अशोक कुमार गुप्ता ने बताया है कि ग्लोबल वार्मिंग की समस्या से संपूर्ण विश्व को जूझता हुआ देख भारत उसका नेतृत्व करने के लिए शुरू से ही प्रयास करता रहा है। इस भयंकर आपदा के आहट को भापते हुए विगत कई वर्षों से अनवरत वृक्षारोपण कर धरती को हरा भरा एवं प्रदूषण मुक्त बनाए रखने के साथ-साथ ग्लोबल वार्मिंग की समस्या से भी समाज के लोगों को जागरुक करते हुए जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान भदोही में 27 जनवरी को प्रातः 11:00 बजे से पर्यावरण हमारी आवश्यकता या मजबूरी ? विषय पर एक संगोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। जिसमें सभी पर्यावरण विद् अपने-अपने विचार व्यक्त करते हुए उक्त समस्या के निदान को ढूंढने का प्रयास करेंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाधिकारी भदोही गौरांग राठी एवं विशिष्ट अतिथि मुख्य विकास अधिकारी यशवंत सिंह होंगे। पर्यावरण महाकुम्भ में पर्यावरण को संरक्षित करने वाले विभिन्न क्षेत्र के 26 लोगों को सम्मानित किया जाएगा। जिसमें एके मिश्रा नई दिल्ली, संगीता गौड़ राजस्थान,यशोदा कोरी कटनी मध्य प्रदेश,डॉ अखिलेश यादव प्रधानाचार्य जीआईसी मथुरा, ममता गंगवार राष्ट्रपति से पुरस्कार से सम्मानित शिक्षिका, पीलीभीत, संगीता शर्मा राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षिका बदायूं, हरि ओम् सिंह राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक कौशाम्बी, जगदम्बा प्रसाद सोनभद्र, बीरेंद्र कुमार केसरवानी कौशाम्बी, कमलेश कुमार पाण्डेय वाराणसी, पवन द्विवेदी प्रयागराज,डॉ राजेन्द्र कुमार मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, डॉ राजेश कुमार पाण्डेय, प्रभुनाथ शुक्ल बरिष्ठ पत्रकार, सन्ध्या मौर्या, सुमन गुप्ता, दीपचन्द, डॉ रत्ना गुप्ता, दीपक कुमार बरनवाल, उर्मिला देवी, विवेक कुमार श्रीवास्तव,अमृता गुप्ता, अनुराधा यादव, आलोक कुमार गुप्ता, लाल बत्ती वन सेवक और पर्यवारण संरक्षण में अहम योगदान दे रहे राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक अशोक कुमार गुप्ता भदोही शामिल हैं।



























































# भाजपा तमिलनाडु में 25 प्लस सीटें जीतेगी: शिवराज सिंह



**भोपाल/मदुरै।** पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान तेलंगाना और केरल के बाद अब तमिलनाडु के तीन दिवसीय दौरे पर हैं। पूर्व सीएम ने बुधवार को तमिलनाडु के मदुरै स्थित प्रसिध्द मीनाक्षी मंदिर में माँ अम्मन की पूजा अर्चना व दर्शन कर देश व प्रदेशवासियों के सुख-समृध्दि की कामना की।

वहीं श्री चौहान ने मदुरै में विकसित भारत संकल्प यात्रा में सहभागिता कर कहा कि, भाजपा तमिलनाडु में लोकसभा चुनाव में 25 प्लस सीटें जीतेगी। साथ ही शिवराज सिंह चौहान ने तमिलनाडु की डीएमके सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि, डीएमके सरकार तमिलनाडु में परिवारों को तबाह करने का काम कर रही है। डीएमके, एआईडीएमके से लोग तंग आ चुके हैं, इसलिए भारतीय जनता पार्टी के साथ तमिलनाडु की जनता भी खड़ी हो रही है। पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने तमिलनाडु की सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि, भारत की सबसे करप्ट सरकार अगर कोई है तो वह स्टालिन सरकार है। इनके एक मंत्री जेल में है तो एक मंत्री बेल पर है। यहां की सरकार खुद शराब बेचती है, इस सरकार ने परिवारों को तबाह और बर्बाद करने का काम किया है। हमारी सरकार ने शराब की दुकानें कम करने और आहते बंद करने का काम किया है। डीएमके की फाइल में सारे घोटाले हैं, जो गड़बड़ें की हैं वो सामने आ रही हैं और इसलिए लोग डीएमके के खिलाफ प्रभावी कोई विकल्प देखते हैं तो वह भारतीय जनता पार्टी को देखते हैं।

### राहुल गांधी जहां जाते हैं वहां कांग्रेस हारती है

पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कांग्रेस और राहुल गांधी पर जमकर हमला बोलते हुए कहा कि, राहुल गांधी जहां-जहां जाते हैं, जनता वहाँ कांग्रेस को और साफ कर देती है। अभी पैदल यात्रा करके मध्यप्रदेश आए थे तो जहां-जहां से राहुल गांधी गुजरे सभी जगह कांग्रेस हार गई। अगर कांग्रेस को हराना है तो राहुल गांधी को भेज दो और किसी की जरूरत नहीं है। कांग्रेस के आयोध्या में राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के निमंत्रण को ठुकराने पर पूर्व सीएम ने कहा कि, विनाशकाले विपरीत बुद्धि, जब सारा देश उत्सव मना रहा है और एक साथ खड़ा है तब ये लोग विरोध कर रहे हैं, इसलिए इनका विनाश तय है।

## प्रधानमंत्री मोदी ने एनसीसी और एनएसएस कैडेट को संबोधित करते हुए कहा

# आपकी जेनरेशन को जेन जेड कहा जाता है, लेकिन मैं आपको अमृत पीढ़ी कहूंगा

### कहा- आप जो भी करें, देश के लिए करें



**नई दिल्ली ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिल्ली में एनसीसी और एनएसएस कैडेट-स्वयंसेवकों के एक कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने उनसे बातचीत भी की। इस दौरान मोदी ने कहा कि आज राष्ट्रीय बालिका दिवस है। यह हमारी बेटियों की उपलब्धियों का जश्न मनाने का दिन है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आपकी पीढ़ी खुद को जेन जेड कहती है। हालांकि, मेरा मानना है कि आप अमृत पीढ़ी हैं - क्योंकि आपकी ऊर्जा अमृत काल को गति देगी। आप सभी जानते हैं कि भारत ने 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनने का फैसला किया है। अगले 25 साल आपके और देश के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि आप सभी जानते हैं कि भारत ने 2047 तक विकसित देश बनाने का संकल्प लिया है। अगले 25 वर्ष देश के लिए, आपके भविष्य के लिए बहुत अहम हैं। हमारा संकल्प है कि आपकी अमृत पीढ़ी का हर सपना पूरा हो। हमारा संकल्प है कि आपकी अमृत पीढ़ी के लिए अवसरों की भरमार हो। हमारा संकल्प है कि आपकी अमृत पीढ़ी के रास्ते की हर बाधा दूर हो।

पीएम मोदी ने कहा कि अमृत काल की इस यात्रा में, ये हमेशा याद रखें कि आप जो भी करें, देश के लिए करें। राष्ट्र प्रथम आपका मार्गदर्शक सिद्धांत होना चाहिए। उन्होंने कहा कि मैं भी आपकी तरह एनसीसी में रहा हूं। आपके बीच मैं उसी रास्ते से आया हूं। मैं जानता हूं कि एनसीसी, एनएसएस या सांस्कृतिक शिविर जैसी संस्थाएं युवाओं को समाज और नागरिक कर्तव्यों के प्रति जागरूक बनाती है। उन्होंने कहा कि इस कड़ी में देश में एक और संगठन का निर्माण किया गया है। इस संगठन का नाम है MYBharat मैं चाहता हूं कि आप सभी MYBharat Volunteer के तौर पर खुद को रजिस्टर करें।


### पहली बार गणतंत्र दिवस की परेड देश की नारी शक्ति को समर्पित है

मोदी ने कहा कि सरकार ने उन लड़कियों के लिए नए अवसर पैदा किए हैं जो रक्षा बलों में करियर बनाना चाहती हैं। आज सैनिक स्कूलों में लड़कियों को दाखिला मिल सकता है। उन्होंने कहा कि आपको पूरे आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने की जरूरत है। आपका प्रयास, दूरदर्शिता और क्षमता भारत को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी। उन्होंने कहा कि आपने यहां पर जो सांस्कृतिक प्रस्तुति दी उसे देखकर गर्व की अनुभूति हो रही है।...आप गणतंत्र दिवस परेड का हिस्सा बनने जा रहे हैं और इस बार ये दो वजहों से विशेष हो गया है- ये 75वां गणतंत्र दिवस है और पहली बार गणतंत्र दिवस की परेड देश की नारी शक्ति को समर्पित है।

### आज की युवा पीढ़ी के लिए कर्पूरी ठाकुर जी के बारे में जानना जरूरी

पीएम मोदी ने कहा कि कल आप सभी ने देखा कि देश ने दिवंगत समाजवादी नेता कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न से सम्मानित करने की घोषणा करके एक बड़ा कदम उठाया। उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी के लिए कर्पूरी ठाकुर जी के बारे में जानना, उनके जीवन से सीखना बहुत जरूरी है। ये हमारी सरकार का सौभाग्य है कि उसे जननायक कर्पूरी ठाकुर जी को भारत रत्न से सम्मानित करने का मौका मिला। मोदी ने कहा कि बेहद गरीबी और सामाजिक असमानता जैसी चुनौतियों से लड़ते हुए वे राष्ट्र जीवन में बहुत ऊंचे मुकाम पर पहुंचे थे। वे दो बार बिहार के मुख्यमंत्री भी रहे थे और इसके बावजूद, उन्होंने अपना निर्मल स्वभाव और समाज के लिए काम करना कभी नहीं छोड़ा। उन्होंने कहा कि जननायक कर्पूरी ठाकुर हमेशा अपनी सादगी के लिए जाने जाते रहे। उनका पूरा जीवन सामाजिक न्याय और वंचितों के उत्थान के लिए समर्पित रहा। आज भी उनकी ईमानदारी की मिसाल दी जाती है।

### चीन: दुकान में आग लगने से 39 लोगों की मौत



**बीजिंग।** चीन के जियांगशी प्रांत में एक दुकान में लगी आग में कम से कम 39 लोगों की मौत हो गई। बुधवार को स्थानीय समय के अनुसार दोपहर में शिन्यू शहर की एक इमारत में आग लग गई। घटना जियांग्शी प्रांत के युशुई मार्केट में हुई। घटना के वक्त यहां काफी लोग मौजूद थे। इनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल थे। यह शॉपिंग कॉम्पलेक्स एक बेसमेंट में है। लोकल मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि आग एक जंक फूड के स्टॉल से शुरू हुई। 102 लोगों को वहां से निकाल लिया गया। आग पर काबू पा लिया गया है।

### न्यू हैम्पशायर प्राइमरी चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप को जीत मिली

**वाशिंगटन ।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के न्यू हैम्पशायर प्राइमरी चुनाव में जीत हासिल की है। उनकी प्रतिद्वंद्वी और रिपब्लिकन पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी की दौड़ में शामिल भारतीय-अमेरिकी निक्की हेली उन्हें कड़ी टक्कर दी है। प्राइमरी चुनाव में जीत दर्ज करने से पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप की राष्ट्रपति पद के आगामी चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी का उम्मीदवार बनने की दावेदारी और पुख्ता हो गई है। अमेरिका के प्रमुख समाचार संगठनों ने एक चौथाई मतगणना होने के साथ रिपब्लिकन पार्टी के प्राइमरी चुनाव को ट्रंप के पक्ष में बताया था।

### भारत की टोह लेने चीन की नौ साल में 7वीं कोशिश

**नई दिल्ली ।** चीन का एक जासूसी जहाज 25 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हिंद महासागर में दाखिल हो रहा है। पिछले 5 साल में भारत के आसपास मंडराने की ये 6वीं चीनी कोशिश है। मकसद भले भारत की टोह लेना हो, लेकिन इस बार ठिकाना बदल गया है। ओपन सोर्स इंटेलिजेंस कंपनी आईएसआईएनटी डिफेंडर ने दावा किया है कि चीन का जासूसी जहाज 'जियांग यांग होंग 03' फरवरी के पहले सप्ताह में मालदीव पहुंच जाएगा। 4 महीने पहले चीन के जासूसी जहाज को श्रीलंका ने अपने बंदरगाह पर खड़ा करने से मना कर दिया था। ऐसे में भारत मालदीव विवाद के बीच चीनी के जासूसी जहाज का मालदीव आना चिंता की बात है।

**इस बार श्रीलंका नहीं मालदीव ठिकाना देगा**

### आज का इतिहास

- **1554:** ब्राजील के साओ पाउलो शहर की स्थापना हुई।
- **1755:** मॉस्को विवि की स्थापना हुई ।
- **1880:** समाज सुधारक केशव सेन ने भारतीय ब्रह्म समाज की शुरूआत की।
- **1881:** एलेक्जेंडर ग्राहम बेल और थॉमस अल्वा एडीसन ने ओरिएंटल टेलीफोन कंपनी बनायी।
- **1918:** भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस के अध्यक्ष विलियम वेडरबर्न का निधन।
- **1950:** भारत निर्वाचन आयोग की स्थापना हुई। 2011 से राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाता है।
- **1955:** पनामा और अमेरिका ने नहर संधि पर हस्ताक्षर किये थे।
- **1971:** हिमाचल प्रदेश को पूर्ण राज्य घोषित किया गया।
- **1980:** प्रसिद्ध समाजसेवी मदर टेरेसा को भारत रत्न से सम्मानित किया गया।
- **1983:** आचार्य विनोबा भावे को मरणोपरांत भारत रत्न से नवाजा गया।

# एयर इंडिया पर लगा 1.10 करोड़ का जुर्माना लगाया



**नई दिल्ली,** एयर इंडिया पर देश के एविएशन रेगुलेटर ने तगड़ा जुर्माना लगाया है. नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने बुधवार को बताया कि कुछ लंबे रूट पर संचालित उड़ानों के संबंध में सुरक्षा मानकों के उल्लंघन के लिए एअर इंडिया पर 1.10 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया गया है। एक एयरलाइन स्टाफ से वॉलन्टियर सिक्योरिटी रिपोर्ट मिलने के बाद इस मामले की डिटेल में जांच की गई, नतीजे के बाद डीजीसीए ने ये फैसला लिया। सूत्रों ने बताया कि यह मामला एक पायलट के नॉन-स्टॉप बेंगलुरु-सैन फ्रांसिस्को फ्लाइट को उड़ाने से इनकार करने से जुड़ा है।

#### एयर इंडिया ने कहा, हम आदेश से असहमत

डीजीसीए के फैसले के बाद एयर इंडिया का भी बयान आया है। एयर इंडिया के प्रवक्ता ने कहा कि हम डीजीसीए के आदेश से असहमत हैं। एयर इंडिया ने उठाए गए मुद्दों की बाहरी विशेषज्ञों के जरिए गहन जांच की। इससे निष्कर्ष निकाला गया कि सुरक्षा पर कोई समझौता नहीं किया गया है। हम आदेश को विस्तार से पढ़ रहे हैं और हमारे पास उपलब्ध विकल्पों की समीक्षा करेंगे। इसमें अपील करने का अधिकार और इस फैसले को नियामक के सामने ढाना भी शामिल है।

#### एक हफ्ते में दूसरी बार लगा जुर्माना

एक हफ्ते में यह दूसरी बार है जब डीजीसीए ने एयर इंडिया पर जुर्माना लगाया है। पिछले गुरुवार को एयर इंडिया पर खराब तैयारियों के कारण कोहरे में फ्लाइट के उड़ान में देरी को लेकर 30 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया था।

### मनी लॉन्ड्रिंग मामले में रोहित पवार ईडी के समक्ष पेश



**मुंबई ।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के सुप्रीमो शरद पवार के पोते एवं पार्टी विधायक रोहित पवार बुधवार को कथित महाराष्ट्र राज्य सहकारी (एमएससी) बैंक मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अफसरों के सामने पेश हुए। उनसे 11.30 घंटे तक पूछताछ हुई। अब ईडी ने उन्हें 1 फरवरी को फिर पूछताछ के लिए बुलाया है। पिछले सप्ताह ईडी द्वारा जारी समन के जवाब में श्री रोहित पवार दोपहर में वकीलों के एक समूह के साथ दक्षिण मुंबई के बैलरेड पियर स्थित ईडी कार्यालय में उपस्थित हुए। उन्हें बुधवार को ईडी कार्यालय में उपस्थित रहने का निर्देश दिया गया था। ईडी ने हाल ही में श्री रोहित पवार के स्वामित्व वाली कंपनी बारामती एग्रो से जुड़े परिसरों की तलाशी भी ली। ईडी ने दावा किया है कि उसे एसएसके की बिक्री में कई अनियमितताएं मिली हैं।

### राशन घोटाले के मामले में शाहजहां शेख के घर पहुंची ईडी की टीम

**कोलकाता ।** टीएमसी नेता शाहजहां शेख की परेशानिया और बढ़ गई है। दरअसल, राशन घोटाले के मामले में जांच के लिए छापेमारी करने पहुंची।

प्रवर्तन निदेशालय की टीम पर हुए हमले के मामले को सरकार ने बेहद गंभीरता से लिया है। इस बार दस्ते में महिला अधिकारी भी थी। ईडी के अधिकारी केंद्रीय अर्धसैनिक बलों के जवानों के साथ पश्चिम बंगाल के संदेशखली स्थित शाहजहां शेख के घर पर पहुंच गए हैं। कुछ दिन पहले ही शाहजहां शेख के घर पर प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारियों पर हमला हुआ था। इस हमले में ईडी टीम के अधिकारी घायल हो गए थे।

# मोदी एवं मैक्रॉन आएंगे जयपुर, रोड शो निकलेगा



**जयपुर ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन गुरुवार को राजस्थान की राजधानी जयपुर के एकदिवसीय दौरे पर आएंगे। श्री मैक्रॉन और श्री मोदी का जयपुर में स्वागत किया जाएगा।

मैक्रॉन जयपुर में जंतर-मंतर, हवामहल एवं आमेर किले का भ्रमण करेंगे। इस दौरान पीएम मोदी एव मैक्रॉन रोड़ भी करेंगे। चार्य पे चर्चा भी होगी। दौरे के मद्देनजर मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने मंगलवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में दौरे की समीक्षा बैठक की और कहा कि राजस्थान की महान आतिथ्य परंपराओं के साथ मेहमानों का स्वागत होगा।

उन्होंने कहा कि मेहमानों के स्वागत में राजस्थान की महान आतिथ्य परम्पराएं नजर आने से अतिथियों को राजस्थानी संस्कृति की दिव्य झलक देखने को मिलेगी तथा इस सांस्कृतिक आदान-प्रदान से दोनों देशों के मध्य संबंध प्रगाढ़ होंगे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इस विशेष अवसर पर की जा रही तैयारियों में राजस्थान की समृद्ध लोक संस्कृति का समावेश होना चाहिए। इस दौरान की जाने वाली साज-सज्जा एवं लाइटिंग में प्रदेश की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक धरोहरों तथा क्षेत्रीय कलाओं को विशेष रूप से प्रदर्शित किया जाना चाहिए।

### पीएम आज बुलंदशहर जाएंगे

**लखनऊ ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुरुवार को उप्र में बुलन्दशहर 19 हजार करोड़ रुपए से अधिक की अनेक विकास परियोजनाओं का लोकार्पण करेंगे। श्री मोदी अपराह्न लगभग पौने दो बजे बुलंदशहर में रेल, सड़क, तेल एवं गैस और शहरी विकास एवं आवास जैसे अनेक महत्वपूर्ण क्षेत्रों से संबंधित परियोजनाओं का लोकार्पण करेंगे। प्रधानमंत्री शाम करीब साढ़े पांच बजे जयपुर में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों का स्वागत करेंगे। वह श्री मैक्रों के साथ शहर में जंतर मंतर, हवा महल और अल्बर्ट हॉल संग्रहालय सहित सांस्कृतिक और ऐतिहासिक महत्व के विभिन्न स्थानों का दौरा करेंगे। बुलंदशहर में प्रधानमंत्री रेलवे के समर्पित मालवहन गलियारे (डीएफसी) पर न्यू खुर्जा-न्यू रेवाड़ी के बीच 173 किलोमीटर लंबे दोहरे विद्युतीकृत खंड लोकार्पण करेंगे।

### असम के सीएम को पीएम मोदी रिमोट से कंट्रोल करते हैं: राहुल

**बारपेटा।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा को पीएम नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह रिमोट से कंट्रोल करते हैं। भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान उन्होंने बीजेपी पर नफरत फैलाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि बीजेपी ने हमारी यात्रा के दौरान हिंसा की, लेकिन हम हिंसा नहीं करेंगे। हिंसा को हिंसा से नहीं काटा जा सकता है, हिंसा को सिर्फ मोहब्बत से काटा जा सकता है। असम मोहब्बत और भाईचारा का प्रदेश है। उन्होंने एक बार फिर असम के मुख्यमंत्री को देश का सबसे भ्रष्ट सीएम होने का आरोप लगाते हुए कहा कि देश का सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री असम का है. आप का मुख्यमंत्री आपसे हर चीज में पैसे लेता है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' इन दिनों असम से होकर गुजर रही है, लेकिन पिछले दो दिनों से यहां टकराव की स्थिति बनती नजर आ रही है। गुरुवार को यात्रा का अगला पड़ाव पश्चिम बंगाल है। जहा सीएम ममता बनर्जी से भी उनकी चुनावी जंग हो सकती है।

# रक्षा मंत्रालय खरीदेगा 14 त्वरित गति स्वदेशी नौकाए



**नई दिल्ली**

रक्षा मंत्रालय ने भारतीय तट रक्षक के लिए तेज गति से चलने वाली 14 बहुउद्देशीय गश्ती नौकाओं की खरीद के लिए मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (एमडीएल) मुंबई के साथ अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं।

रक्षा मंत्रालय के अनुसार इस खरीद पर 1070.47 करोड़ रुपए की लागत आएगी। इन नौकाओं को एमडीएल द्वारा भारतीय-आईडीडीएम श्रेणी के तहत स्वदेशी रूप से डिजाइन, विकसित और निर्मित किया जाएगा और ये कुल 63 महीनों में ये भारतीय तटरक्षक को सौंपी जायेंगी। कई उच्च तकनीकी उन्नत सुविधाओं और उपकरणों के साथ ये नौका बहुउद्देशीय ड्रोन, वायरलेस रूप से नियंत्रित रिमोट वॉटर रेस्क्यू क्राफ्ट और अन्य क्षमताओं से लैस होंगी। इससे तटरक्षक को नए युग की बहुआयामी चुनौतियों का सामना करने के लिए अधिक लचीलापन और संचालन बढ़त मिल सकेगी। ये आधुनिक नौका मत्स्य पालन सुरक्षा और निगरानी, नियंत्रण और निगरानी, तस्करी विरोधी अभियान, उथले पानी सहित खोज और बचाव अभियान, संकट में जहाज को सहायता, समुद्री प्रदूषण के दौरान सहायता और निगरानी को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेंगी। 'आत्मनिर्भर भारत' की नीति के अनुरूप यह अनुबंध देश की स्वदेशी जहाज निर्माण क्षमता , समुद्री आर्थिक गतिविधियों और सहायक उद्योगों, विशेष रूप से लघु इकाईयों के विकास को बढ़ावा देगा। यह परियोजना प्रभावी ढंग से देश में रोजगार के अवसर और विशेषज्ञता विकसित करेगी।

**एमडीएल से 1070.47 करोड़ की लागत के अनुबंध पर हुए हस्ताक्षर**

# सऊदी अरब में खुलेगा पहला अल्कोहल स्टोर



**नई दिल्ली ।** सऊदी अरब राजधानी रियाद में अपना पहला अल्कोहल स्टोर खोलने की तैयारी कर रहा है. यह स्टोर गैर-मुस्लिम राजनयिकों को सेवा प्रदान करेगा। न्यूज एजेंसी की खबर के अनुसार यह सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान के नेतृत्व में एक बड़े कदम के तौर पर देखा जा रहा है। जानकार इसे अर्थव्यवस्था की मजबूती के लिए विजन 2030 नामक व्यापक योजनाओं का एक हिस्सा के तौर पर देख रहे हैं। एजेंसी द्वारा प्राप्त दस्तावेज़ में कहा गया है कि ग्राहकों को एक मोबाइल ऐप के माध्यम से पंजीकरण करना होगा। विदेश मंत्रालय से क्लीयरेंस कोड मिलने के बाद उनके लिए एक मासिक कोटा तय किया जाएगा नया स्टोर रियाद के डिप्लोमैटिक क्वार्टर में होगा। बताते चलें कि यह वह जगह है जहां दूतावास और राजनयिक रहते हैं। हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं हुआ है कि अन्य गैर-मुस्लिम प्रवासियों को स्टोर तक पहुंच मिलेगी या नहीं। बताते चलें कि सऊदी अरब में लाखों प्रवासी रहते हैं लेकिन उनमें से अधिकतर एशिया और मिस्र से आए मुस्लिम कामगार हैं। बहुत कम संख्या में अन्य संप्रदाय के प्रवासी रहते हैं। एक सूत्र ने दावा किया कि स्टोर आने वाले हफ्तों में खुलने की उम्मीद है।

### आईजीआई एयरपोर्ट पर फ्लाइट में बम होने की आई कॉल

**नई दिल्ली ।** राजधानी दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एक विमान में बम होने की कॉल आई है। कॉल करने वाले ने बताया कि दरभंगा से दिल्ली आने वाली स्पाइस जेट की फ्लाइट में है। पुलिस ने बताया कि इसकी जांच की गई तो ये कॉल हॉक्स निकली। हालांकि पुलिस कॉल करने वाले का पता लगा रही है।

साथ ही सुरक्षा संबंधी सभी प्रोटोकॉल का पालन किया जा रहा है।दिल्ली पुलिस की ओर से बताया गया है, बुधवार को, आईजीआई एयरपोर्ट के कंट्रोल रूम को दरभंगा से दिल्ली आ रहे एक विमान में बम होने की धमकी वाला कॉल आया, यह विमान आईजीआई पर उतरने वाला था। जांच के दौरान कॉल बोगस निकला. हालांकि यात्रियों की सुरक्षा के मद्देनजर सेफ्टी प्रोटोकॉल का पान किया गया। बता दें कि यह कॉल ऐसे वक्त में आई जब राजधानी दिल्ली गणतंत्र दिवस की परेड को लेकर तैयारी कर रही है और सुरक्षा चाक-चौबंद किए गए हैं। गणतंत्र दिवस को देखते हुए सुबह के वक्त की उड़ानों में भी बदलाव किया गया है। यह पहली बार नहीं है जब इस तरह के कॉल किसी एयरपोर्ट अथॉरिटी या फिर रेलवे स्टेशन अथॉरिटी को आई हो।

### सुप्रीम कोर्ट के जज के रूप में आज शपथ लेंगे जस्टिस प्रसन्ना



**सुप्रीम कोर्ट में अजा के तीसरे जज**

**नई दिल्ली।** कर्नाटक उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश प्रसन्ना बी वराले को बुधवार को शीर्ष अदालत का न्यायाधीश नियुक्त किया गया। गुरुवार को उनके शपथ लेने के साथ ही सर्वोच्च न्यायालय में भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) सहित जजों की संख्या बढ़कर 34 हो जाएगी।

एक सरकारी अधिसूचना में यह जानकारी दी गई। सुप्रीम कोर्टकॉलेजियम ने इस महीने की शुरुआत में उनके नाम की सिफारिश की थी। कॉलेजियम ने कहा था कि इस तथ्य पर विचार किया गया है कि वह हाईकोर्ट के वरिष्ठतम जजों में से एक हैं। वह हाईकोर्ट में अनुसूचित जाति से आने वाले एक मात्र मुख्य न्यायाधीश हैं। सुप्रीम कोर्ट में अजा समुदाय से ताल्लुक रखने वाले तीसरे न्यायाधीश होंगे। अन्य जज जस्टिसद्वय बीआर गवई व टी रवि कुमार हैं। पिछले महीने जस्टिस एसके कौल की सेवानिवृत्ति के बाद शीर्ष अदालत में यह पद खाली था।

### नॉर्थ ब्लॉक में मनाई गई हलवा सेरेमनी, वित्त मंत्री निर्मला ने अफसरों को खुद अपने हाथों से परोसा



**नई दिल्ली** अंतरिम केंद्रीय बजट 2024 के लिए बजट तैयारी प्रक्रिया के अंतिम चरण शुरू होने से पहले बुधवार को नॉर्थ ब्लॉक में हलवा सेरेमनी का आयोजन किया गया। इस दौरान केंद्रीय वित्त और कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण और केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री डॉ. भागवत कराड मौजूद रहे। बजट तैयार करने की 'लॉक-इन' प्रक्रिया शुरू होने से पहले हर साल एक हलवा सेरेमनी का आयोजन किया जाता है।

**बजट पेश होने से पहले 'हलवा समारोह' क्यों:** वित्त मंत्री की ओर से बजट से ठीक पहले एक हलवा समारोह का आयोजन किया जाता है। यह हलवा समारोह इस बात का परिचायक होता है कि बजट को अंतिम रूप दिया जा चुका है और इसके छपने का काम शुरू हो चुका है। इस समारोह में बड़ी संख्या में बजट तैयार करने वाले अधिकारी और कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त किया जाता है। दरअसल, वित्त मंत्रालय के बजट विभाग के जितने भी अधिकारी बजट बनाने के कामों में जुटे होते हैं, उन्हें संसद में बजट पेश होने तक अपने परिवारों से संपर्क नहीं करने दिया जाता। ऐसे में सरकार उनकी मेहनत को लेकर आभार प्रकट के लिए हलवा समारोह का आयोजन करती है।



## रिलीज से पहले इन देशों में बैन हुई 'फाइटर'

बॉलीवुड एक्टर ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण की मच-अवेटेड फिल्म फाइटर 25 जनवरी को बड़े पर्दे पर रिलीज होने वाली है। फिल्म की रिलीज से पहले एक बाद एक नए अपडेट्स सामने आ रहे हैं। अभी हाल हाल ही में फिल्म फाइटर के प्रमोशन की फोटोज सामने आई थीं, इन फोटोज में ऋतिक रोशन के साथ-साथ दीपिका पादुकोण भी मंच शेयर करती नजर आईं। इस खबर के बाद अब फिल्म फाइटर को लेकर एक बुरी खबर सामने आ रही हैं। दीपिका पादुकोण फिल्म फाइटर को रिलीज से पहले ही कई देशों में बैन कर दिया गया है। रिलीज से पहले मेकर्स को एक बड़ा झटका लगा है। भारतीय वायु सेना के पायलट की लाइफ पर बनी इस अपकमिंग फिल्म को कई देशों ने बैन कर दिया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण फिल्मफाइटर को रिलीज से एक दिन पहले यूएई यानी संयुक्त अरब अमीरात को छोड़कर खाड़ी सभी देशों में बैन कर दिया गया है। इस खबर के सामने आने के बाद गल्फ कंट्री में फिल्म का इंतजार कर रहे फैंस के हाथ निराशा लगी है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण फिल्म फाइटर को इस बैन के कारण काफी नुकसान भी हो सकता है, इसका असर फाइटर की कमाई पर साफ दिखाई देगा। लेकिन आपको बता दें कि फिल्म फाइटर को इन देशों में क्यों बैन किया गया है, इसको लेकर अभी तक कोई जानकारी सामने नहीं आई है।



## टीवी के राम को नहीं मिल पाए राम लला के दर्शन

22 जनवरी को अयोध्या में हुई प्राण प्रतिष्ठा में देश भर के तमाम वीवीआईपी ने शिरकत की। प्राण प्रतिष्ठा के दिन तमाम वीवीआईपी लोगों ने श्रीराम के दर्शन किए लेकिन रामायण के राम प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होने के बाद भी अयोध्या से निराश होकर लौटे हैं। अरुण ने शो रामायण से घर-घर में नाम कमाया। अरुण गोविल ने राम का किरदार इतनी शानदार तरीके से उकेरा था कि रियल लाइफ में भी लोग उन्हें देखकर हाथ जोड़कर खड़े हो जाते थे। फैंस ने उन पर काफी प्यार लुटाया और आज भी लोग उन्हें भगवान की तरह पूजते हैं। 22 जनवरी को हुए राम मंदिर के उद्घाटन में अरुण गोविल भी शामिल हुए थे। यहां से उनकी काफी सारी तस्वीरें और वीडियो सामने आई थीं। हालांकि, वो राम लला के दर्शन नहीं कर पाए थे। अरुण गोविल ने खुद इस बारे में बताया है। अरुण ने बताया कि सपना तो पूरा हुआ पर दर्शन नहीं हुए। एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, अरुण गोविल से उनकी अयोध्या विजिट के बारे में जब पूछा गया तो उन्होंने कहा- सपना तो भैया पूरा हो गया पर मुझे दर्शन नहीं हुए। मैं कुछ नहीं कह सकता इस समय।



## शिवलिंग पर माथा टेकने पर बुरी तरह ट्रोल हुईं सारा अली खान

सारा अली खान को लेकर मशहूर है कि वो अक्सर मंदिर दर्शन के लिए जाती रहती हैं। सारा अली खान भगवान भोलेनाथ की भक्त हैं। इस वक्त उनकी कुछ तस्वीरें फिर से सामने आई हैं जो कि शिवलिंग की हैं। लेकिन जब जब सारा अली खान ऐसी तस्वीरें पोस्ट करती हैं वो काफी ट्रोल की जाती है। उन्होंने इन तस्वीरों के साथ लिखा है, जय भोलेनाथ। तस्वीर की बात करें तो सारा अली खान हाथ जोड़कर बैठी हुई हैं। वो शिवलिंग पर माथा टेकती हुईं नजर आ रही हैं। सारा अली खान के लुक की बात करें तो उन्होने पीली रंग चादर लपेटी हुई थी और प्रिंटेट सलवार सूट पहना हुआ था। उनके माथे पर चंदन था। जैसे ही पोस्ट सामने आया लोग उनको बुरी तरह से ट्रोल कर रहे हैं। एक ने लिखा है, मुस्लिम के नाम पर धब्बा हो तुम। एक ने लिखा, कुछ भी करो फ्लॉप मूवी ही बनेंगी। एक ने लिखा, क्या जवाब दोगे रोजे महशर में हमारे रब को। एक ने लिखा, शर्म करो अपने नाम पर तुम्हारा नाम सारा अली खान है।



रिया सेन का फिल्मी करियर भी काफी उतार-चढ़ाव भरा रहा, वो अब बॉलीवुड फिल्मों में कम ही नजर आती हैं। उन्होंने स्टाइल, झंकार बीट्स और अपना सपना मनी-मनी जैसी कई हिट फिल्मों में अपने अभिनय का दम दिखाया है। हालांकि रिया सेन को उनकी फिल्मों से ज्यादा उनकी कॉन्ट्रोवर्सी के लिए याद किया जाता है...

## रिया सेन की रगों में दौड़ता है रॉयल ब्लड

बंगाली बाला रिया सेन आज अपना 43 वां जन्मदिन मना रही हैं, लेकिन उन्हें देखकर आप एक्ट्रेस की उम्र का अंदाजा नहीं लगा सकते। बंगाली फिल्मों से लेकर बॉलीवुड तक अपनी खूबसूरती का जलवा बिखेरने वाली रिया सेन फेमिना की टॉप 50 मोस्ट ब्यूटिफुल वूमेन में जगह बना चुकी हैं। रिया सेन का फिल्मी करियर भी काफी उतार-चढ़ाव भरा रहा, वो अब बॉलीवुड फिल्मों में कम ही नजर आती हैं। उन्होंने स्टाइल, झंकार बीट्स और अपना सपना मनी-मनी जैसी कई हिट फिल्मों में अपने अभिनय का दम दिखाया है। हालांकि रिया सेन को उनकी फिल्मों से ज्यादा उनकी कॉन्ट्रोवर्सी के लिए याद किया जाता है. एक एक्टर के साथ उनका प्राइवेड वीडियो लीक होने के बाद जमकर हंगामा हुआ था।

**रॉयल फैमिली से ताल्लुक रखती हैं रिया**

बहुत कम लोगों को पता है कि रिया सेन त्रिपुरा के राजघराने से ताल्लुक रखती हैं, उनके



पिता भरत देव वर्मा कूच बिहार की महारानी इला देवी के बेटे हैं। रिया सेन को बचपन से ही फिल्मों का शौक था, उन्होंने अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत भी 1991 में चाइल्ट एक्टर के तौर पर की थी। उनकी बहन राइमा सेन भी एक जानी-मानी एक्ट्रेस हैं। रिया सेन को ग्लैमर जगत में पहचान फाल्गुनी पाठक के गाने 'चूड़ी जो खनकी हाथों में' से मिली थी. बॉलीवुड में कम ऑफर मिलने के बाद उन्होंने बंगाली फिल्मों की ओर रुख किया और वर्तमान में कई फिल्में और वेब सीरीज कर चुकी हैं।

**जब लीक हुआ था प्राइवेट वीडियो**

रिया सेन का नाम बॉलीवुड के कई हस्तियों के साथ जुड़ा, जिनमें अक्षय खन्ना से लेकर राइटर सलमान रुशदी तक शामिल हैं। उनका नाम पूर्व भारतीय क्रिकेटर श्रीशंत के साथ भी जोड़ा गया। कई बार स्टेडियम में रिया, श्रीशंत के लिए चियर करती देखी गईं। हालांकि कुछ साल बाद ही रिया ने एक प्राइवेट समारोह में अपने ब्वॉयफ्रेंड शिवम तिवारी संग 2017 में शादी कर ली। रिया सेन की जिंदगी का सबसे बड़ा विवाद उनका और एक्टर अश्मित पटेल का लीक एमएमएस वीडियो था। इस वीडियो में कथित तौर पर रिया सेन और अश्मित को एक-दूसरे को किस और रोमांस करते देखा गया। लोगों ने दावा किया कि पब्लिसिटी के लिए रिया और अश्मित ने ऐसा किया था। आपको बता दे कि रिया अब फिल्मों से दूर योग टीचर बन गई हैं।

## प्यार की नई परिभाषा सिखा गई फिल्म द लंच बॉक्स

कुछ फिल्मों की कहानियां इतनी ज्यादा फ्रेश होती है कि उन्हें बार-बार देखने काम न करता है. कई बार इन फिल्मों को देखकर कई लोगों को ऐसा लगता है मानों ये फिल्म कहीं ना कहीं उनसे रिलेट कर रही है। ऐसी ही एक फिल्म साल 2013 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में इरफान खान और निमृत कौर की लव स्टोरी एक लंच बॉक्स से शुरू होती है। ये फिल्म जैसे ही रिलीज हुई तो इसने बॉक्स ऑफिस पर ताबड़तोड़ कलेक्शन कर डाला।




**सिखाई प्यार की नई परिभाषा**

इस फिल्म में इरफान खान और निमृत कौर लीड रोल में थे. फिल्म की कहानी एक डब्बावाला की गलती से शुरू होती है और इस तरह से एक लंच बॉक्स के जरिए दो अनजान लोगों की मुलाकात हो जाती है. फिल्म में दिखाया गया है कि इला यानी कि निमृत कौर का पति उसमें इंटरेस्टेड नहीं है. वो खाना बनाना जानती है और पति का दिल जीतने के लिए उसे खाना भिजवाती है. लेकिन डब्बावाला की गलती की वजह से ये डब्बा किसी और को मिल जाता है और फिर दोनों के बीच दोस्ती हो जाती है।

**लैटर से पनपा रिश्ता**

फिल्म में दोनों आपस में बातचीत एक पर्ची से करते हैं। दोनों इस पर्ची में अपने दिल की बात लिखते हैं। फिल्म में साजन का रोल निभाने वाले इरफान अकेले हैं। दोनों के बीच प्यार और दोस्ती का ये रिश्ता बेहतरीन दिखाया गया है। इस फिल्म में एक ठहराव है जो मन को कहीं ना कहीं सुकून देता है। इस फिल्म में फैंस को इरफान और निमृत दोनों की जोड़ी और एक्टिंग खूब रास आई थी। इसका अंदाजा आप फिल्म के कलेक्शन से ही लगा सकते हैं।

## संगम नगरी प्रयागराज में आपको मंत्रमुग्ध कर सकती हैं ये जगहें, एक बार जरूर करें एक्सप्लोर



संगम नगरी प्रयागराज की खूबसूरती से भला कौन वाकिफ नहीं है। प्रयागराज भारत के सबसे पवित्र स्थानों में से एक है। यह शहर गंगा-यमुना नदियों के संगम पर बना है। भारत ही नहीं बल्कि दुनिया के सबसे पुराने शहरों में प्रयागराज की गिनती होती है। इसी वजह से यह दुनिया भर के पर्यटकों का एक पॉपुलर डेस्टिनेशन है। यहां पर हर साल लाखों की संख्या में पर्यटक आते हैं। संगम नगरी प्रयागराज को ऐतिहासिक औ? धार्मिक नगरी माना जाता है। प्रयागराज में घूमने के लिए कई फेमस स्थान हैं। ऐसे में अगर आप भी घूमने का प्लान बना रहे हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए हैं। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको प्रयागराज से जुड़े कुछ अमेजिंग फैक्ट्स से कुछ फेमस जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं। ऐसे में आप प्रयागराज को बेहद अच्छे तरीके से एक्सप्लोर कर सकते हैं।

**प्रयागराज का किला**- इलाहाबाद का किला यहां पर देखने और घूमने के लिए सबसे बेहतरीन जगहों में से एक है। लगभग साल 1583 के आसपास में अकबर के शासनकाल के दौरान गंगा-यमुना नदी के किनारे स्थित प्रयागराज किला बनवाया गया था। इस किले की संरचना और वास्तुकला बेहद अद्भुत है। प्रयागराज में घूमने के लिए दुनिया भर के हजारों पर्यटकों के लिए प्रयागराज का किला एक प्रमुख पर्यटन स्थल है। हर बार पूर्ण रूप कुंभ मेले के दौरान ही इस किले को पर्यटकों के लिए खोला जाता है।

**प्रयागराज म्यूजियम**- इसके अलावा प्रयागराज में कई तरह के किले और म्यूजियम भी हैं। लेकिन अगर आप कला के शौकीन हैं, तो आपको प्रयागराज म्यूजियम एक्सप्लोर करना चाहिए। चंद्रशेखर आजाद पार्क के पास यह म्यूजि?म है। जिसको देखने के लिए दूर-दूर से लोग यहां पहुंचते हैं। इस म्यूजियम में आपको भारत के इतिहास, संस्कृति, विरासत और स्वतंत्रता आंदोलन की झलक देखने को मिलेगी। इसके अलावा इस म्यूजियम में आपको राजस्थान से लघु चित्र, कौशाम्बी से टेराकोटा, रॉक मूर्तियां, बंगाल स्कूल ऑफ आर्ट से साहित्यिक और कलाकृति देखने को मिलेंगी। यह म्यूजियम भारतीय इतिहास का खजाना है।

**जवाहर तारामंडल**- प्रयागराज के आनंद भवन के बगल में जवाहर तारामंडल स्थित है। इस तारामंडल को साल 1979 में बनाया गया था। बताया जाता है कि यहां पर विज्ञान और इतिहास का सही संगम आपको देखने को मिलेगा। जवाहर तारामंडल में जवाहरलाल नेहरू मेमोरियल लेक्चर, अंतरिक्ष से जुड़े कई शो और मेहमानों के लिए सौर मंडल भी देखने को मिलेगा। जो भी लोग ग्रहों की चाल के बारे में जानना चाहते हैं, वह यहां पर होने वाले शो का हिस्सा बन सकते हैं।

**खुसरो बाग**- प्रयागराज में खुसरो बाग सबसे फेमस पर्यटन स्थल है। खुसरो बाग का अपना एक अलग ऐतिहासिक महत्व है। बता दें कि खुसरो बाग की चारदीवारी मुगल वास्तुकला का एक विशाल नमूना पेश करता है। इस बाग में जहांगीर परिवार की तीन बलुआ पत्थर की कब्रें हैं। जिनमें उनकी पत्नी शाह बेगम, बेटा खुसरो मिर्जा और बेटी सुल्तान निहार बेगम की कब्रें हैं। जहांगीर के दरबार के कलाकार अजा रेजा को खुसरो बाग की डिजाइन का श्रेय दिया जाता है।

## मन्नारा चोपड़ा के सपोर्ट में उतरीं प्रियंका चोपड़ा



कॉन्ट्रोवर्शियल रियलिटी शो बिग बॉस 17 को अपने टॉप पांच फाइनलिस्ट मिल गए हैं। अंकिता लोखंडे, मुनव्वर फारूकी, अभिषेक कुमार, मन्नारा चोपड़ा और अरुण माशेट्टी ने फिनाले में जगह बनाई है। सोशल मीडिया पर फैंस से लेकर सेलेब्स तक अपने फेवरेट कंटेस्टेंट को सपोर्ट कर रहे हैं। मन्नारा चोपड़ा को भी उनकी बहनें सोशल मीडिया के जरिए खुलकर सपोर्ट कर रही हैं, लेकिन फैंस इंतजार कर रहे थे कि मन्नारा के सपोर्ट में प्रियंका चोपड़ा कब आती हैं और अब फैंस का ये इंतजार खत्म हो गया है। प्रियंका चोपड़ा ने अपनी छोटी बहन मन्नारा के सपोर्ट में एक खास पोस्ट शेयर किया है, जिसके बाद फैंस मन्नारा की जीत को कंफर्म मान रहे हैं।

बिग बॉस 17 की फाइनलिस्ट और अपनी बहन मन्नारा चोपड़ा के सपोर्ट में एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा ने एक पोस्ट शेयर किया है। प्रियंका चोपड़ा ने अपनी इंस्टा स्टोरी पर मन्नारा चोपड़ा की एक क्यूट फोटो शेयर की है, जो बिग बॉस हाउस की ही है। इस फोटो के साथ प्रियंका चोपड़ा ने लिखा, अपना बेस्ट दो और बाकी सब कुछ भूल जाओ। कार्पे डायम मन्नारा चोपड़ा। प्रियंका चोपड़ा ने अपना ये इंस्टा पोस्ट मिताली चोपड़ा और मन्नारा चोपड़ा की मां कामिनी चोपड़ा को टैग किया है। बता दें कि अपने पोस्ट में कार्पे डायम लिखा है, जिसका असली मतलब हर मौके का आनंद लेनेसे है। ये एक रोमन कवि की लाइन है। प्रियंका चोपड़ा का ये पोस्ट सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। फैंस प्रियंका के इस पोस्ट के देखकर मान रहे हैं कि अब मन्नारा को हराना काफी ज्यादा मुश्किल हो जाएगा।



# भारत की स्पिन बॉल V/S इंग्लैंड के बैजबॉल में होगी कांटे की टक्कर

## पांच मैचों की सीरीज का पहला टेस्ट मैच आज सुबह 9.30 बजे से, लाइव प्रसारण स्पोर्ट्स-18 पर



**हैदराबाद,(एजेंसी)।** अपनी सरजमीं पर पिछले 12 साल से टेस्ट क्रिकेट में चले आ रहे भारत के दबदबे को कड़ी चुनौती मिलेगी जब आक्रामकता की नई परिभाषा गढने वाली इंग्लैंड टीम से गुरुवार से शुरू हो रहे पहले टेस्ट में रोहित शर्मा की टीम का सामना होगा। पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला टेस्ट मुकाबला आज सुबह 9.30 बजे से हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम, उप्पल में खेला जाएगा।

जिसका टीवी पर लाइव प्रसारण स्पोर्ट्स-18 पर किया जाएगा। भारत को आखिरी बार अपनी धरती पर 2012 में एलेस्टेयर कुक की कप्तानी वाली इंग्लैंड टीम ने टेस्ट सीरीज में 2-1 से हराया था। उसके बाद से भारत ने लगातार 16 सीरीज जीती है जिनमें सात में क्लीन स्वीप किया है। इस दौरान भारत ने अपनी मेजबानी में 44 टेस्ट खेले और सिर्फ तीन में पराजय का सामना किया। भारत की कामयाबी की गाथा लिखने में ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन और बायें हाथ के स्पिनर रविंद्र जडेजा की भी अहम भूमिका रही। भारतीय टीम में तीसरे स्पिनर के तौर पर अक्षर पटेल का कुलदीप यादव को उतारा जा सकता है और संभावना अक्षर की अधिक लग रही है। इंग्लैंड टीम को पता है कि भारत में खेलने के लिए कितनी भी तैयारी कम है और इसके लिए उन्हें मानसिक मजबूती की भी जरूरत होगी।

कोच ब्रेंडन मैकुलम और कप्तान स्टोक्स की आक्रामक शैली बैजबॉल के दम पर इंग्लैंड ने काफी कामयाबी हासिल की है। उसे एक बार फिर एक ईकाई के रूप में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा जिसमें जो रूट और स्टोक्स पर रन बनाने की जिम्मेदारी होगी। इंग्लैंड ने बायें हाथ के स्पिनर जैक लीच की अगुआई में तीन स्पिनरों को टीम में जगह दी है। बायें हाथ के स्पिनर टॉम हार्टली पदार्पण करेंगे जबकि लेग स्पिनर रेहान अहमद भी टीम में हैं। तेज गेंदबाजी का जिम्मा मार्क वुड पर होगा चूंकि जेम्स एंडरसन टीम में नहीं हैं।

### विराट की जगह रजत भारतीय टीम में शामिल

मध्यप्रदेश के बल्लेबाज रजत पाटीदार को विराट कोहली की जगह भारतीय टीम में शामिल किया गया है। अब वह बुधवार को हैदराबाद में भारतीय दल के साथ जुड़ेंगे। कोहली की अनुपस्थिति के कारण भारतीय टीम में कोई रिजर्व बल्लेबाज शामिल नहीं था। उल्लेखनीय है कि भारत और इंग्लैंड के बीच पहला टेस्ट मैच गुरुवार से शुरू हो रहा है और विराट कोहली निजी कारणों से पहले दो टेस्ट मैच नहीं खेल रहे हैं।

### हैदराबाद में 6 साल बाद टेस्ट मैच

हैदराबाद में करीब 6 साल बाद कोई पांच दिवसीय मुकाबला खेला जाएगा। पिछली बार 2018 में जब यहां टेस्ट खेला गया था तब 3 दिन में मैच समाप्त हो गया था। तब भारत ने वेस्टइंडीज के खिलाफ 10 विकेट से जीत हासिल की थी। मेजबान टीम को चौथी पारी में जीत के लिए सिर्फ 75 रन का लक्ष्य मिला था।

**शोएब बशीर को मिला वीजा:** इंग्लैंड के युवा स्पिनर शोएब बशीर को आखिरकार भारत का वीजा मिल गया है। बशीर वीजा में देरी के कारण भारत के खिलाफ पहले टेस्ट मैच से बाहर हो गए, जिस पर कप्तान बेन स्टोक्स ने दुख जताया। बशीर को वीजा मसला सुलझाने के लिए संयुक्त अरीब अमीरात (यूएई) से ही लंदन लौटना पड़ा।

**पिच रिपोर्ट:** हैदराबाद की पिच की विकेट काफी सपाट होती है। हालांकि जैसे-जैसे मैच आगे बढ़ता है, वैसे-वैसे विकेट से स्पिनर्स को काफी मदद मिलने लगती है। ऐसे में स्पिनर्स का इस पिच पर बोलबाला देखने को मिलता है। अब देखने वाली बात होगी कि इस मैदान पर भारतीय स्पिनर्स इंग्लैंड को कितने स्कोर पर रोकने में कामयाब होते हैं।

**मौसम का मिजाज:** इस समय समूचे उत्तर भारत में शीतलहर का प्रकोप है, लेकिन भारत के दक्षिण में होने के कारण हैदराबाद पर इसका बिल्कुल भी असर नहीं है। यही वजह है कि टेस्ट मैच के दौरान हैदराबाद का मौसम साफ रहने वाला है। टेस्ट मैच के पांचों दिन का तापमान 19 से 32 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है। धूप खिली रहेगी।

### सीरीज हेड-टू-हेड

| ओवरऑल | भारत बनाम इंग्लैंड | भारत में |
|---|---|---|
| 35 | कुल टेस्ट सीरीज | 16 |
| 11 | भारत जीता | 08 |
| 19 | इंग्लैंड जीता | 05 |
| 05 | ड्रॉ | 03 |

### दोनों टीमें इस प्रकार हैं...

**भारत:** रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाली, श्रेयस, केएल राहुल, कुएस भरत, ध्रुव जुरैल, आर अश्विन, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, मो. सिराज, मुकेश कुमार, जसप्रीत बुमराह, आवेश खान।

**इंग्लैंड (अंतिम एकादश):** जैक क्रॉली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, जॉनी बेयरस्टो, बेन स्टोक्स (कप्तान), बेन फोक्स, रेहान अहमद, टॉम हार्टले, मार्क वुड, जैक लीच।

### टेस्ट में हेड-टू-हेड

| | |
|---|---|
| कुल मैच | 131 |
| भारत जीता | 31 |
| इंग्लैंड जीता | 50 |
| ड्रॉ | 50 |

### इंदौर के अमिताभ विजयवर्गीय भारतीय क्रिकेट टीम के प्रबंधक नियुक्त

**इंदौर,(आरएनएन)।** आईडीसीए के पूर्व सचिव एवं पूर्व रणजी खिलाड़ी अमिताभ विजयवर्गीय को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने भारत एवं इंग्लैंड दौरे के लिए टीम का प्रबंधन नियुक्त किया है। इस टेस्ट सीरीज में दोनों टीमों के मध्य पांच टेस्ट मैच खेले जाएंगे। उनकी इस नियुक्ति पर इंदौर के समस्त क्रिकेट प्रेमियों में हर्ष है। उनकी इस विषेष उपलब्धि पर आईडीसीए के मुख्य संरक्षक कैलाश विजयवर्गीय, अध्यक्ष आकाश विजयवर्गीय ने भी बधाई प्रेषित की ।

## ब्रीफ न्यूज

### ब्रिस्बेन हीट ने जीता दूसरा बीबीएल खिताब

**सिडनी,(एजेंसी)।** ब्रिस्बेन हीट ने 11 साल बाद अपना दूसरा बिग बैश लीग (बीबीएल) खिताब जीता। उन्होंने फाइनल में सिडनी सिक्सर्स को बुधवार को 54 रनों से हराया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए ब्रिस्बेन हीट ने 8 विकेट पर 166 रन बनाए। जबाव में सिक्सर्स 112 रन पर ऑलआउट हो गई। ब्रिस्बेन हीट के लिए जोश ब्राउन ने 53 रन की अर्धशतकीय पारी खेली।

### ग्रीन और कोच एंड्रयू कोरोना पॉजिटिव

**सिडनी,(एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कोच एंड्रयू मैकडॉनल्ड और ऑलराउंडर कैमरुन ग्रीन वेस्टइंडीज के खिलाफ पिंक बॉल टेस्ट सीरीज से पहले कोविड-19 पॉजिटिव पाए गए हैं। दूसरा टेस्ट मैच 25 जनवरी से ब्रिसबेन में खेला जाएगा। ट्रेविस हेड भी कोरोना की चपेट में आ गए थे लेकिन वह इससे रिकवर हो चुके हैं और टीम का हिस्सा रहेंगे। वहीं क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज के खिलाफ होने वाली तीन मैचों की टी-20 सीरीज के लिए ऑलराउंडर मिशेल मार्श को कप्तान बनाया है। **ऑस्ट्रेलियाई टी-20 टीम:** मिशेल मार्श (कप्तान),एबॉट, बेहरेनडोर्फ, डेविड, हेजलवुड, हेड, इंग्लिस, एलिस, मैक्सवेल, स्टोइनिस, मैथ्यू वेड, वार्नर, मैट शॉर्ट व एडम जम्पा।

### भारत-ए ने इंग्लैंड लायंस पर पहले दिन कसा शिकंजा

**अहमदाबाद,(एजेंसी)।** दायें हाथ के तेज गेंदबाज आकाशदीप (चार विकेट) के बाद देवदत्त पडीक्कल के नाबाद 92 रन की बदौलत भारत-ए ने चार दिवसीय दूसरे अनौपचारिक टेस्ट के पहले दिन इंग्लैंड लायंस पर शिकंजा कस दिया। इंग्लैंड लायंस ने टॉस जीतकर पहले बलेबाजी करने का फैसला किया लेकिन भारतीय गेंदबाजों ने मेहमान टीम को 52.4 ओवर में महज 152 रन पर समेट दिया। जवाब में पडीक्कल और कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन की जोड़ी को इंग्लैंड के गेंदबाजों का सामना करने में जरा भी परेशानी नहीं हुई जिससे भारत-एने स्टंप तक बिना विकेट गंवाये 150 रन बना लिए।

**ऑस्ट्रेलियन ओपन:** डेनिल ने जीता अपना 75वां ग्रैंड स्लैम मैच, हर्काज व अल्काराज बाहर

# मेदवेदेव और ज्वेरेव सेमीफाइनल में

**मेलबर्न,(एजेंसी)।** रूस के डेनिल मेदवेदेव और छठे वरीय एलेक्जेंडर ज्वेरेव ने ऑस्ट्रेलियन ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश किया।





ज्वेरेव ने दूसरी रैंकिंग पर काबिज कार्लोस अल्काराज को 6-1, 6-3, 6-7 (2), 6-4 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। जहां उनका मुकाबला डेनिल मेदवेदेव से होगा। जिन्होंने एक अन्य मैच नौवीं वरीयता प्राप्त यूबर्ट हर्काज को 7-6 (4), 2-6, 6-3, 5-7, 6-4 से हराकर चार साल में तीसरी बार सेमीफाइनल में प्रवेश किया। उन्होंने पांच रोमांचक सेटों में यूबर्ट को हराकर अपना 75वां ग्रैंड स्लैम मैच जीता। अल्काराज ने पिछले साल विंबलडन जीता था और वह 2023 में ग्रैंडस्लैम मैच में 10 बार के आस्ट्रेलियाई ओपन विजेता नोवाक जोकोविच को हराने वाले एकमात्र खिलाड़ी थे। लेकिन 20 साल के स्पेनिश खिलाड़ी को इस बार यह मौका नहीं मिलेगा। यह ज्वेरेव की ग्रैंडस्लैम में शीर्ष पांच रैंकिंग में काबिज खिलाड़ी पर पहली जीत है और वह सातवीं बार मेजर टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचे। वहीं दूसरे सेमीफाइनल में जोकोविच का सामना यानिक सिनर से होगा।

### बोपन्ना पुरुष युगल के सेमीफाइनल में सबसे उम्रदराज नंबर वन खिलाड़ी भी बने



भारत के रोहन बोपन्ना-मैथ्यू एबडेन की जोड़ी पुरुष युगल के सेमीफाइनल में पहुंच गई हैं। इसी के साथ बोपन्ना पुरुष युगल रैंकिंग में नंबर वन पर काबिज होने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए है। 43 वर्ष के बोपन्ना टूर्नामेंट से पहले विश्व रैंकिंग में तीसरे स्थान पर थे। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के एबडेन के साथ छठी वरीयता प्राप्त अर्जेंटीना के मैक्सिमो गोंजालेस और आंद्रेस मोल्तेनी को करीब पौने दो घंटे तक चले क्वार्टर फाइनल में 6- 4, 7-6 से हराया। टूर्नामेंट के आखिर में सोमवार को जारी युगल रैंकिंग में बोपन्ना शीर्ष पर पहुंच जायेंगे। इससे पहले अमेरिका के राजीव राम अक्टूबर 2022 में 38 वर्ष की उम्र में शीर्ष रैंकिंग पर पहुंचे थे। एबडेन रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंचेंगे। बोपन्ना 2013 में पहली बार विश्व रैंकिंग में तीसरे स्थान पर पहुंचे थे । वह युगल रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने वाले लिएंडर पेस, महेश भूपति और सानिया मिर्जा के बाद तीसरे भारतीय होंगे।



### महिला एकल वर्ग में डायना यास्त्रेमस्का और झेंग किनवेन अंतिम-4 में पहुंचीं



चीन की झेंग किनवेन और यूक्रेन की क्वालीफायर डायना यास्त्रेमस्का ने महिला एकल के क्वार्टरफाइनल मुकाबले जीते। अब दोनों एक दूसरे के खिलाफ अपना पहला ग्रैंडस्लैम सेमीफाइनल खेलेंगी। झेंग ने अन्ना कालिन्सकाया को 6-7 (4), 6-3, 6-1 से हराया जबकि यास्त्रेमस्का ने लिंडा नोस्कोवा को 6-3, 6-4 से पराजित किया। गत चैम्पियन आर्यना सबालेंका और अमेरिकी ओपन की विजेता कोकोच गॉफ दूसरे सेमीफाइनल में आमने-सामने होंगी। डायना क्वालीफायर के जरिए मुख्य ड्रा में पहुंची थी। डायना लगातार आठ मुकाबले जीतकर अपने करियर के सबसे बड़े ग्रैंडस्लैम के अंतिम चार में पहली बार पहुंची है।

# सूर्यकुमार दूसरी बार आईसीसी टी-20 क्रिकेटर ऑफ द ईयर बने

## यह कारनामा करने वाले इकलौते खिलाड़ी



**दुबई,(एजेंसी)।** आईसीसी ने भारत के स्टार बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने टी20 इंटरनेशनल क्रिकेटर ऑफ द ईयर 2023 के अवॉर्ड से नवाजा। उन्होंने पिछली बार भी यह अवॉर्ड जीता था। वह दो बार आईसीसी पुरुष टी-20 क्रिकेटर ऑफ द पुरस्कार जीतने वाले इकलौते खिलाड़ी बन गए हैं।

सूर्या ने जिम्बाब्वे के सिकंदर रजा, न्यूजीलैंड के मार्क चैपमैन और यूगांडा के अल्पेश रामजानी को पछाड़कर लगातार दूसरी मर्तबा अवॉर्ड पर कब्जा जमाया। सूर्यकुमार लंबे समय से आईसीसी टी20 रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर काबिज हैं। उन्होंने पिछले साल सबसे छोटे फॉर्मेट में कमाल का प्रदर्शन किया। उन्होंने 2023 में 17 टी20 अंतराराष्ट्रीय पारियों में 48.86 की औसत और 155.95 के स्ट्राइक रेट से 733 रन बटोरे। उन्होंने इस दौरान 2 सेंचुरी और 5 फिफ्टी जमाई। सूर्या ने पिछले साल जनवरी में श्रीलंका के खिलाफ नाबाद 112 रन बनाए। इससे शतक की बदौलत वह भारत के लिए पुरुष टी20 मैचों में रोहित शर्मा के बाद दूसरे सबसे तेज शतक जड़ने वाले खिलाड़ी बने।

### आईसीसी के व्यक्तिगत पुरस्कार

- **महिला एसोसिएट क्रिकेटर ऑफ द ईयर:** बास डी लीडे (नीदरलैंड)
- **पुरुष एसोसिएट क्रिकेटर ऑफ द ईयर:** क्वीन्टोर एबेल (केन्या)
- **पुरुष टी20 क्रिकेटर ऑफ द ईयर:** सूर्यकुमार यादव (भारत)
- **महिला टी20 क्रिकेटर ऑफ द ईयर:** हेली मैथ्यूज (वेस्टइंडीज)
- **पुरुष इमर्जिंग क्रिकेटर ऑफ द ईयर:** रचिन रविंद्र (न्यूजीलैंड)
- **महिला इमर्जिंग क्रिकेटर ऑफ द ईयर:** फोएबे लिचफील्ड (ऑस्ट्रेलिया)

# सेन व जॉर्ज इंडोनेशिया मास्टर्स के दूसरे दौर में

## प्रणय और श्रीकांत बाहर



**जकार्ता,(एजेंसी)।** लक्ष्य सेन और किरण जॉर्ज ने बुधवार को इंडोनेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में पहुंच गये वहीं स्टार खिलाड़ी एच एस प्रणय और किदांबी श्रीकांत शुरूआती मुकाबले में हारकर बाहर हो गए है।

दुनिया के 19वें नंबर के खिलाड़ी सेन ने चीन के वेंग होंग यांग पर 24-22 21-15 से जीत दर्ज की। वहीं जॉर्ज ने पहले दौर में एक गेम से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए फ्रांस के टोमा जूनियर पोपोव को 18-21 21-16 21-19 से हराया। मंगलवार को जॉर्ज ने दो जीत दर्ज करने के बाद मुख्य ड्रा में प्रवेश किया था। अब जॉर्ज की भिड़ंत चीन के लु गुआंग जू से होगी। वहीं सेन का सामना अगले दौर में डेनमार्क के मलेशिया ओपन चैम्पियन एंडर्स एंटोनसेन या इंडोनेशिया के चिको औरा ड्वी वारडोयो के बीच होने वाले मुकाबले के विजेता से होगा। एचएस प्रणय को पूर्व विश्व चैंपियन लोह कीन यू (18-21, 21-19, 10-21) से मामूली हार का सामना करना पड़ा। वहीं विश्व के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत 10वीं रैंकिंग वाले मलेशिया के ली ज़ी जिया के खिलाफ शुरुआती गेम (21-19) हासिल करने के बावजूद संघर्षपूर्ण मुकाबले में 21-19, 14-21, 11-21 से हार गए।

### भोपाल को वाटर स्पोर्ट्स हब बनाने की कार्ययोजना बनाएं



**भोपाल,(खेसं)।** खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग ने भोपाल में वाटर स्पोर्ट्स की अपार संभावनाओं को देखते हुए इसे वाटर स्पोर्ट्स हब बनाने के लिए जरूरी कदम उठाने और कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। मंत्री सारंग बुधवार को मंत्रालय में खेल विभाग की गतिविधियों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भोपाल झीलों की नगरी है। विभाग की वाटर स्पोर्ट्स गतिविधियों को आम जनता से जोड़ने के लिए प्रयास करने की आवश्यकता है। वाटर स्पोर्ट सेंटर को विश्व-स्तरीय बनाने की दिशा में प्रयास करना होंगे। सारंग ने निर्देश दिए कि ग्रामीण युवाओं को विभाग की खेलकूद गतिविधियों से जोड़ने का प्रयास करें। विभाग 220 ब्लॉक में युवा समन्वयकों के माध्यम से ब्लॉक स्तर पर खेल और युवा कल्याण की गतिविधियां संचालित करता है। उन्होंने ब्लॉक्स समन्वयकों को यूथ क्लब के माध्यम से युवाओं को जोड़ने के लिए कार्य-योजना बनाने के निर्देश दिए। सारंग ने युवाओं के लिए रोजगार स्टार्टअप के ज्यादा से ज्यादा अवसर उपलब्ध कराने के लिए भी कार्य करने को कहा।

### भारतीय महिला व पुरुष हॉकी टीमें जीतीं

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** मुमताज और दीपिका के शानदार गोलों की बदौलत भारतीय महिला हॉकी टीम ने एफआईएच हॉकी5एस महिला विश्वकप 2024 टूर्नामेंट के पूल सी के एक रोमांचक मुकाबले में पोलैंड 5-4 से हरा दिया है। वहीं दक्षिण अफ्रीकी दौरे पर भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने बुधवार को अपने दूसरे मैच में फ्रांस के खिलाफ दो गोल की बढ़त गंवाकर 2-2 से ड्रा खेला। भारत और फ्रांस के बीच खेले गए मुकाबले में भारत की ओर से मंदीप सिंह ने आठवें मिनट और अमित रोहिदास ने 19वें मिनट दाग कर बढ़त बनाई थी।

### आरजीपीवी ने कराते प्रतियोगिता में जीते 3 पदक

**भोपाल,(खेसं)।** भारतीय विश्वविद्यालय संघ के तत्वाधान में आयोजित साउथ वेस्ट जोन कराते प्रतियोगिता में 50 किलोग्राम वर्ग में राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्व विद्यालय के अनुज सिंह को स्वर्ण पदक, 55 किलोग्राम वर्ग में प्रशांत गुप्ता ने रजत पदक प्राप्त किया। वहीं महिला श्रेणी में 55 किलोग्राम वर्ग में हर्षा इंदुलकर ने कांस्य पदक प्राप्त किया। बता दें कि मध्यप्रदेश पुलिस अकादमी भौरी में एलएनसीटी विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित साउथ वेस्ट जोन प्रतियोगिता में 112 टीमों ने सहभागिता की थी। कराते टीम की इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलपति सुनील कुमार, कुलसचिव आरएस राजपूत ने शुभकामनाएं प्रेषित की।

**29वां आईईएस-डिजिआना इंटर प्रेस क्रिकेट**

### टीओआई ने दर्ज की दूसरी जीत

**भोपाल,(खेसं)।** अक्षय सिंह की सटीक गेंदबाजी से टीओआई ने 29वें आईईएस-डिजिआना इंटर प्रेस क्रिकेट टूर्नामेंट में दूसरी जीत दर्ज की है। दिन के दूसरे मैच में डीजीपी इलेवन ने पुलिस लाइन नेहरूनगर को 130 रनों से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। ओल्ड कैंपियन मैदान पर आयोजित इस टूर्नामेंट में बुधवार को दैनिक भास्कर पहले बल्लेबाजी करते हुए 18 ओवर के खेल में 9 विकेट पर मात्र 89 रन बना सकी। रोहिताश्व मिश्रा 31 के अलावा कोई भी बल्लेबाज चल नहीं पाया। अक्षय सिंह ने 12 रन देकर छह विकेट लिए। बिजेंद्र को 3 विकेट मिले। जवाब में टीओआई ने 17.5 ओवर में सात विकेट पर जरूरी रन बना लिए। अश्विन सोलंकी ने 3 विकेट लिए। रोहिताश्व मिश्रा को दो विकेट मिले। अक्षय सिंह मानसरोवर प्लेयर ऑफ द मैच और सौरभ आरएनटीयू वैल्यूएबल प्लेयर चुने गए। उन्हें स्कोप ग्लोबल स्किल यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार सीतेश कुमार सिन्हा ने पुरस्कृत किया। दूसरे मैच में डीजीपी इलेवन ने 20 ओवर में 8 विकेट पर 168 रन बनाए। इसमें प्रज्ञा बलरे ने 85 रनों की पारी खेली। विपिन ने 23 रन बनाए। सुशील ने 3 विकेट लिए। जवाब में पुलिस लाइन नेहरू नगर 38 रन ही बना सकी। उसकी ओर से सौरव ने 17 रन बनाए। अंकुश ने तीन विकेट लिए। प्रज्ञा प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए।

**आज का मैच:** राज एक्सप्रेस बनाम नव दुनिया सुबह 9.30 बजे से।




### बॉक्सिंग अकादमी के खिलाड़ियों ने जीते 5 पदक

#### मध्यप्रदेश को मिले 3 स्वर्ण, 3 रजत और 7 कांस्य सहित 13 पदक



**भोपाल,(खेसं)।** तमिलनाडू में आयोजित खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2023 में मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों ने बुधवार को 03 स्वर्ण, 03 रजत और 07 कांस्य सहित 13 पदक जीते। मप्र ने प्रतियोगिता में अब तक 05 स्वर्ण, 05 रजत और 08 कांस्य सहित कुल 18 पदक अर्जित कर लिए हैं। मप्र ने मलखंब में 02 और बॉक्सिंग में 01 स्वर्णिम सफलता हासिल की। मप्र ने बॉक्सिंग में 01 स्वर्ण, 02 रजत और 02 कांस्य सहित 5 पदक जीते। मप्र राज्य बॉक्सिंग अकादमी की खिलाड़ी अंजलि सिंह ने 57 किग्रा में उत्तराखंड की अंजलि कोरंगना को 0-5 से हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। वहीं खुशी ने 60 किग्रा भारवर्ग में उत्तराखंड की निकिता चंद को 5-0 से और प्रशांत खताना ने 80 किग्रा में हरियाणा के अरमन को 5-0 से हराकर रजत पदक अपने नाम किए। आयुष यादव ने 75 किग्रा और मुस्कान ने 52 किग्रा में कांस्य पदक जीते। मप्र के कृष गुप्ता ने पेरलर बार स्पर्धा में 01 कांस्य पदक अर्जित किया। प्रथम स्थान पर महाराष्ट्र के आर्यन देवानंद और द्वितीय स्थान पर उत्तर प्रदेश के प्रणव मिश्रा रहे।

**मलखंब में प्रदेश को 7 पदक मिले:** मप्र मलखंब टीम के खिलाड़ी यातिनकोरी ने 01 स्वर्ण, 01 रजत और 01 कांस्य सहित 03 पदक जीते। वहीं आल राउण्ड बालक स्पर्धा में देवेन्द्र पाटीदार को 01 कांस्य पदक मिला। सिद्धि गुप्ता ने रोप मलखंब में स्वर्ण पदक जीता। टीम मलखंब में मप्र की टीम को बालक और बालिका दोनों ही वर्गों में 1- 1 कांस्य पदक प्राप्त हुआ।

### गणेश कुंटे खेलो इंडिया यूथ गेम्स में टेक्निकल ऑफिशियल नियुक्त



सागर पब्लिक स्कूल, रोहित नगर के स्विमिंग कोच गणेश कुंटे को स्विमिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा खेलो इंडिया यूथ गेम्स की तैराकी स्पर्धा हेतु टेक्निकल ऑफिशियल नियुक्त किया गया है। वे इसके पूर्व भी कई राष्ट्रीय तैराकी स्पर्धाओं में टेक्निकल ऑफिशियल रह चुके हैं। गणेश कुंटे राष्ट्रीय तैराक हैं, जिन्होंने कई राष्ट्रीय तैराकी स्पर्धाओं में मप्र टीम का प्रतिनिधित्व कर प्रदेश के लिए पदक जीते हैं।

## राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर डिग्री कालेज में कार्यक्रम हुआ संपन्न

प्रखर शाहगंज जौनपुर । राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर फरीदुल हक मेमोरियल पीजी कॉलेज तालीमाबाद सबरहद ,शाहगंज,जौनपुर में एक कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसके के मुख्य अतिथि शाहगंज तहसीलदार आशीष सिंह रहे।कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ तबरेज आलम ने की ' आयत और श्लोक के संयुक्त उच्चारण से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र/छात्राओं ने प्रतिभाग किया,इस मौके पर अब्दुर्रहमान,अंशिका बरनवाल ,आराधना चौहान, मुजम्मिल, मोहम्मद सैफ, गुलशन बानो ,शाहीन बानो, मोहम्मद अहमद,ने अपने विचार रखे। मुख्य अतिथि तहसीलदार शाहगंज ने मतदान के लिए शपथ दिलाई।उन्होंने ईवीएम की सुरक्षा को लेकर छात्र/छात्राओं द्वारा व्यक्त की गई आशंका पर स्पष्ट रूप से कहा कि यह पूर्णतःसुरक्षित है,इसे हैक नहीं किया जा सकता।अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 तबरेज आलम ने कहा कि जाति,मजहब आदि को दरकिनार करते हुए हमें एक भारतीय के तौर पर कार्य करने की आवश्यकता है जिससे सुव्यवस्थित सशक्त भारत का निर्माण हो सके।राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर मेहंदी, रंगोली एवं पोस्टर प्रतियोगिता का भी आयोजन हुआ।कार्यक्रम में उप प्राचार्य डॉ निजामुद्दीन,डॉ राकेश सिंह,डॉ अनामिका पांडे,डॉ मनोज सिंह,शाहबाज आलम ,डॉ पूजा उपाध्याय, सुश्री कहकशा खान आदि शिक्षक उपस्थित रहे वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ अमित दया गुप्ता ने सभी आगंतुको ,शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया,संचालन वरिष्ठ प्रवक्ता रियाज अहमद ने किया।

## अज्ञात कारणों से लगीं आग में लगभग 15 लाख का हुआ नुकसान

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। शहर कोतवाली क्षेत्र के रायगंज स्थित संगत कला निवासी डा0 पूजा श्रीवास्तव पुत्री स्व0 अशोक श्रीवास्तव के मकान में अज्ञात कारणों से आग लगने से काफी नुकसान हुआ है। बताया जा रहा है की बुधवार की रात्रि पूजा श्रीवास्तव अपने घर में सो रहीं थी। घर में से धुआँ व आग की लपटों को देख परिवार वालों के शोर मचाने पर मुहल्ले वासियों की मदद से किसी तरह आग पर काबू पाया गया। डा0 पूजा ने प्रखर पूर्वांचल को बताया कि आग लगने का सही कारण पता नहीं चल पा रहा है लेकिन आग लगने से कमरे में रखें सारे सामान जल गए हैं जिसमे 2 सोफा सेट, 42 हजार की अलमारी जिसमे लाखों रुपए की साड़ीयां, 3 लाख नगद, 5 लाख के गहने जो पिघल कर क्षतिग्रस्त हो गए, 1.5 लाख की चेन, 2 पंखे, इकवारियम, इक्वा प्योर आरओ, 70 हजार की एलईडी टीवी सहित कईं कीमती समान जलकर राख हो गयें है।

## सपा की बैठक में हुई समस्त विधान सभाओ में होने वाले जन पंचायत की रुप रेखा तैयार

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। गुरुवार को समाजवादी पार्टी की एक आवश्यक बैठक जिलाध्यक्ष गोपाल यादव की अध्यक्षता में पार्टी कार्यालय समता भवन परआयोजित हुई । इस बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय अखिलेश यादव जी के आह्वान पर और प्रदेश अध्यक्ष माननीय नरेश उत्तम पटेल जी के निर्देश पर गणतंत्र दिवस से यानि दिनांक 26 जनवरी से एक पखवाड़े यानि 15 दिन तक समस्त विधान सभाओं के सभी सेक्टरों में आयोजित होने वाले जनपंचायत कार्यक्रम की रुपरेखा तैयार की गयी। जिलाध्यक्ष गोपाल यादव ने पार्टी के सभी नेताओं और कार्यकताओं से इस कार्यक्रम को गंभीरता से लेने की हिदायत दिया और सभी से बढ चढ़ कर इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आह्वान किया। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में किसी भी प्रकार की लापरवाही और कोताही कत्तई बर्दाश्त नही की जायेगी। उन्होंने इस जनपंचायत के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इसका मकसद प्रभुत्ववादी ताकतों द्वारा सबसे पीछे ढकेल दिये गये समाज के उन वर्गो को आगे लाने का प्रयास है जो सामाजिक, आर्थिक व राजनीतिक पैमानो पर सदियों से वंचित और शोषित है।उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि इस कार्यक्रम की मानिटरिंग प्रदेश नेतृत्व सीधे करेगा और प्रतिदिन इस कार्यक्रम की रिपोर्टिंग जिला नेतृत्व प्रदेश नेतृत्व करेगा। उन्होंने भाजपा सरकार की जनविरोधी और साम्प्रदायिक नीतियों पर हमला बोलते हुए कहा कि आज भाजपा सरकार की संकीर्ण एवं साम्प्रदायिक सोच के चलते देश में आपसी भाईचारा, सौहार्द और देश की गंगा जमुनी तहजीब और सांझी विरासत की संस्कृति को नुक्सान पहुंचा है । उन्होंने कहा कि देश के संविधान, लोकतंत्र, धर्मनिरपेक्षता, सामाजिक न्याय व समाजवाद की रक्षा तथा नफरत की सियासत को खत्म करने के लिए भाजपा सरकार का खात्मा जरूरी है।


समस्त जनपदवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
दीपा देवी
ग्राम प्रधान
लहरचक
प्रधान प्रतिनिधि
अमरेश यादव

समस्त जनपदवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अजय प्रकाश सिंह उर्फ के.डी. सिंह
पूर्व ब्लाक प्रमुख डोभी प्रमुख प्रतिनिधि वरिष्ठ समाजसेवी

समस्त जनपदवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
HOTEL ROYAL PALACE
M.N. 8381918086
6307846576
Party Hall Family Restaurant
A.C. & Non. A.C. Room
Add. Sector-22, GIDA, Sahjanwa, Gorakhpur (U.P)

समस्त जनपदवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
इंडियन बैंक
सुनील यादव (शाखा प्रबंधक)
पंकज कुमार (उपप्रबंधक)
आनंद कुमार (कैशियर)

समस्त जनपदवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
उमेश यादव
उमेश यादव ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत पिपरा
हेमा विकास खण्ड सहजनवां जनपद गोरखपुर

समस्त जनपदवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अभिनय कुमार चौबे
एडवोकेट दीवानी न्यायालय वाराणसी
निवास- भदवा दानगंज चोलापुर 8318327876

समस्त जनपदवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
आनंद सिंह
ग्राम प्रधान- चौकियां, विकासखंड
राजगढ़, इमलिया चट्टी चुनार मिजार्पुर

समस्त जनपदवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
शेरू सोनकर (शेरा सोनकर)
उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष व क्षेत्र पंचायत सदस्य चन्दवक समाजसेवी

समस्त जनपदवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
तुफानी सरोज
विधायक केराकत,जौनपुर

समस्त जनपदवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
रवि सिंह राजपूत
समाजसेवी
अहरौरा, मिजार्पुर

समस्त जनपदवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
जितेंद्र यादव
समाजसेवी
सीरगोवर्धनपुर वाराणसी

समस्त जनपदवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
प्रो. बृजेंन्द्र यादव
मां वैष्णो एक्स-रे एण्ड पैथोलॉजी सेंटर तहसील रोड सहजनवां,
व श्री लक्ष्मी जी बेकर्स एंड स्वीट सहजनवां, थाना चौराहा

समस्त जनपदवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
महेंद्र यादव
प्रधान प्रतिनिधि- ग्राम सभा-बवन्डरा,
विकास खंड पाली

समस्त जनपदवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
नरेंद्र सिंह
विकासखंड पाली, ग्राम प्रधान,
ग्राम सभा-रंदौली उर्फ मठिया

समस्त जनपदवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
यादवेंद्र यादव
लालमति पीतांबर सामाजिक सेवा संस्था, सहजनवां, गोरखपुर
संचालक-, ब्यूरो चीफ (प्रखर पूर्वांचल, हिंदी दैनिक समाचार-पत्र)

समस्त जनपदवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
बंशीधर यादव
विकास खंड सहजनवां, प्रधान संघ
अध्यक्ष- ग्राम सभा- कसरवल

समस्त जनपदवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
गुलाब चंद सरोज
पूर्व विधायक विस. केराकत जौनपुर (उ.प्र)
लोकसभा क्षेत्र - 74 मछलीशहर

समस्त जनपदवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ शालिनी राय
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
कृष्णा फार्मेसी तहसील रोड सहजनवां

समस्त जनपदवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
राम प्रताप सिंह
जिला पंचायत सदस्य वार्ड नं-22
सहजनवां, गोरखपुर निवासी ग्राम-भरपही

समस्त जनपदवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
दिलीप दिलीप कुमार मौर्य
पूर्व प्रभारी/ प्रत्याशी -विधानसभा-
324 सहजनवां, गोरखपुर

समस्त जनपदवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
रामप्रसाद यादव
ग्राम प्रधान, ग्राम सभा- टेकुआपाती
विकास खंड सहजनवां

समस्त जनपदवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
संजय शर्मा
विकास खंड सहजनवां, ग्राम प्रधान
ग्राम सभा-जोगियाकोल

समस्त जनपदवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सुरेश गुप्ता
ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत भैसला,
विकास खण्ड पाली जनपद गोरखपुर

समस्त जनपदवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
राजमती देवी
ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत टड़वा कला,
विकास खण्ड पाली, सहजनवां, गोरखपुर

समस्त जनपदवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
दया शंकर सिंह (कक्कू सिंह)
प्रबंधक- दुर्गा गर्ल्स कॉलेज मुरखा डोभी जौनपुर

समस्त जनपदवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
विरेन्द्र साहनी
ग्राम प्रधान-भडसार, विकास खण्ड सहजनवां गोरखपुर

समस्त जनपदवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
प्रेमचंद यादव
ग्राम प्रधान-कुआबार
विकासखंड पाली गोरखपुर

समस्त जनपदवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अभिषेक सिंह (राजू सिंह)
अटहरपार डोभी जौनपुर

समस्त जनपदवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
शैलेंद्र सिंह
खान अधिकारी
मिजार्पुर

समस्त जनपदवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
संजय कुमार विश्वकर्मा
अध्यक्ष, नगर उद्योग व्यापार मण्डल खेतासराय, जौनपुर
फर्म- संजय इंजीनियरिंग वर्कशॉप

समस्त जनपदवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
निर्मला यादव
ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत निवरहर
विकास खण्ड पाली जनपद गोरखपुर

समस्त जनपदवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
A LIVE HOSPITAL
मेडिकल, सर्जिकल एंड ट्रामा सेंटर
पता, फत्तेपुर (टोल प्लाजा के पास)
अदलहाट, मिजार्पुर

समस्त जनपदवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अवनीश सिंह लप्पु सिंह
उच्च क्वालिटी के गिट्टी बोल्डर पटिया सप्लायर,
ट्रक ट्रैक्टर हाईवा भाड़े के लिए संपर्क करें
पता,सोनखरा, कुदारन, अहरौरा, मिजार्पुर
9335612225,9695505347

समस्त जनपदवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
पुरुषार्थ बाबू जी पेट्रोलियम
पुरुषार्थ आयरन एंड बिल्डिंग मैटेरियल
विश्ववेश स्टोन वर्क
मुजडीह अहरौरा
प्रो. डा. नाहर सिंह

समस्त जनपदवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
मे० श्यामधर इंटरप्राइजेज
क्रशर प्लांट कंचनपुर, अहरौरा मिजार्पुर
प्रो. छत्रबली सिंह
विकास सिंह, सोनू सिंह
प्लांट प्रशासक

समस्त जनपदवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अमित कुमार मिश्रा
प्रभारी निरीक्षक
अहरौरा

# जिलाधिकारी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया 14वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस का शुभारंभ, आगंतुकों को दिलाई शपथ

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार 14वॉ राष्ट्रीय मतदाता दिवस का शुभारम्भ पी0जी कालेज गोराबाजार मैदान में जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। जिलाधिकारी ने उपस्थित छात्र-छात्राओ एवं आगन्तुको को मतदान के प्रति शपत दिलाई एंव स्वीप मस्कट का अनावरण किया। तत्पश्चात मुख्य चुनाव आयुक्त द्वारा 14वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर दिये गये संदेश को एलईडी के माध्यम से प्रसारित किया गया। मतदाता को जागरूक करने के उद्देश्य से छात्राओ द्वारा आकर्षक रंगोली, मेहदी व पेन्टिग, स्लोगन, बनाया गया था जिसका अवलोकन जिलाधिकारी द्वारा स्वयं किया गया इस अवसर पर छात्राओ की निबन्ध प्रतियोगिता भी कराई गयी। जिलाधिकारी एवं अन्य अधिकारियो ने कार्यक्रम स्थल पर बनाये गये शेल्फी प्वाइन्ट पर फोटो खिचवाकर मतदाता जागरूकता हेतु हस्ताक्षर अभियान का शुभारम्भ किया।



राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर विषय-वस्तु वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगें हम, की आवाज से मतदाताओ को जागरूक किया। इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओ का आयोजन भी किया गया तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाले को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया तथा 18 वर्ष पूर्ण कर चुके नये मतदाताओ को प्रथम बार मतदाता सूची में नाम दर्ज होने पर बधाई देते हुए वोटर आई डी कार्ड दिया गया।

जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट परिसर से स्कूटी रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इसके अतिरिक्त सिटी इण्टर कालेज से विभिन्न विद्यालयो के छात्र-छात्राओ द्वारा निकाली गयी मतदाता जागरूकता रैली को जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने संयुक्त रूप से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया, जो शहर के विभिन्न मार्गो से होते हुए पीजी कालेज मैदान पर पहुची।

रैली के माध्यम से स्कूली छात्र-छात्राओ द्वारा लोगो को मतदान के प्रति गगन भेदी नारो के साथ जागरूक किया गया। मुख्य अतिथि जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने अपने सम्बोधन मे कहा कि 25 जनवरी को देश में राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाता है क्योंकि 25 जनवरी 1950 को भारत निर्वाचन आयोग की स्थापना हुई थी और इसलिए वर्ष 2011 में इसे राष्ट्रीय मतदाता दिवस घोषित किया गया था आज हम 14वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस मना रहे हैं इसका उद्देश्य मतदाताओं के पंजीकरण में वृद्धि करना विशेषकर युवा मतदाताओं के भागीदारी को प्रोत्साहित करना और सार्वभौमिक व्यस्त मताधिकार सुनिश्चित करना है।



















## सार्वजनिक हुई सर्वे रिपोर्ट ने बताई सच्चाई की कभी मंदिर था ज्ञानवापी?

प्रखर वाराणसी। श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर से सटे ज्ञानवापी परिसर की भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) की सर्वे रिपोर्ट की नकल गुरुवार को पांच लोगों को मिल गई है। मुकदमे से संबंधित पक्षकारों ने गुरुवार को अदालत में प्रार्थना पत्र दिया था। हिंदू पक्ष के वकील विष्णु जैन सर्वे रिपोर्ट मिलने के बाद होटल जाकर प्रेस कांफ्रेंस की है। हिंदू पक्षकारों का दावा है कि एएसआई रिपोर्ट में ऐसा कहा गया है कि वहां 32 ऐसे जगह प्रमाण मिले हैं जिससे हिंदू पक्ष का दावा मजबूत होता है। एएसआई की सर्वे रिपोर्ट पढ़ते हुए अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने कहा कि एएसआई रिपोर्ट में कहा गया है कि वहां 32 ऐसे जगह प्रमाण मिले हैं कि जो बता रहे हैं कि वहां हिंदू मंदिर था। देवनागरी, ग्रंथा, तेलगू, कन्नड़ के इंस्क्रिप्शन मिले हैं। इसके अलावा जनार्दन, रुद्र और विश्वेश्वर के इंस्क्रिप्शन मिले हैं। रिपोर्ट में एक जगह महामुक्ति मंडप लिखा है। एएसआई कह रहा है कि यह बहुत महत्वपूर्ण बात है। एएसआई ने सर्वे के दौरान एक पत्थर पाया जो टूटा हुआ था। जदूनाथ सरकार की फाइंडिंग को सही पाया, जिसे 1669 में 2 सितंबर को मंदिर ढहाए गया। जो पिलर थे पहले के मंदिर के उनका इस्तेमाल किया गया है। जो तहखाना र2 है, उसमें हिंदू देवी देवताओं की मूर्तियां मिली हैं।विष्णु शंकर जैन ने बताया कि एएसआई रिपोर्ट में कहता है कि पश्चिमी दीवार एक हिंदू मंदिर का हिस्सा है। उसे आसानी से पहचाना जा सकता है। रिपोर्ट के अनुसार, 17वीं शताब्दी में मंदिर तोड़ा गया था, फिर उसे मस्जिद बनाने के लिए इस्तेमाल किया गया। एएसआई ने रिपोर्ट में कहा है कि यहां मस्जिद से पहले हिंदू मंदिर का स्ट्रक्चर था। वहीं हिंदू पक्षकारों का कहना है कि अब सील वजूखाना की एएसआई सर्वे की मांग सुप्रीम कोर्ट से करेंगे।

## गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मानने के सुरक्षा व्यवस्था किया गया चाक चौबंद : एसएसपी

प्रखर गोरखपुर। गणतंत्र दिवस को हर्षोल्लास के साथ मनाए जाने के लिए सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद किया गया वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉक्टर गौरव ग्रोवर ने राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस पर्व पर जनपद वासियों को हार्दिक बधाई दिया गणतंत्र दिवस पर्व पर कार्यक्रम को देखते हुए जनपद के समस्त एडिशनल एसपी क्षेत्राधिकारी थाना प्रभारी चौकी प्रभारी को सख्त निर्देश दिए हैं कि अपने-अपने सर्किल व थाना अंतर्गत सदैव भ्रमण सील रहे संधिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की चेकिग किया जाए ढाबा रेस्टोरेंट होटल में सधन तलाशी ली जाए पर्व को सुरक्षित वातावरण में हर्षोल्लास के साथ मनाया जा सके। पुलिस लाइन में आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस परेड के मुख्य अतिथि मंडलायुक्त गोरखपुर होगे परेड में दंगा नियंत्रण सहित अन्य टोलिया भाग लेगी स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा जो आकर्षण का केंद्र होगा।





























**प्रखर पूर्वांचल**

RNIUPHIN/2016/68754

मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित

सम्पादकीय कार्यालयः 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001

सम्पर्क सूत्रः 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802

सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।

ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं